www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**

अधिकतम तापमान 34.c
25.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 87.170g
चांदी 78.600 kg

2 बेलगाम होते जा रहे कोचिंग संस्थान, ठोस कानूनी नियमावली के दायरे में लाना आवश्यक


विकास कार्यों में बाधा पर विहिप-बजरंग दल सक्रिय 04

वर्ष :08 | अंक :230 | मुंबई ,मंगलवार ,11 फरवरी , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

# महाकुम्भ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने त्रिवेणी संगम में किया पावन स्नान

## एकता और सामाजिक समरसता का दिया संदेश

- पावन डुबकी के बीच महामहिम ने भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य, की मां गंगा, यमुना और सरस्वती की अराधना
- संगम स्नान के बाद तीर्थ पुरोहितों की मौजूदगी में राष्ट्रपति ने विधिवत की पूजा-अर्चना



संगम के जल में अर्पित किया अक्षत, नैवेद्य, पुष्प और फल, आरती भी उतारी

एजेंसी

महाकुम्भ नगर ।सनातन संस्कृति के सबसे बड़े मानव समागम महाकुम्भ में उमड़ रहे आस्था और श्रद्धा के महासागर में सोमवार को महामहिम का भी आगमन हुआ। भारत की दूसरी महिला और पहली आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रयागराज महाकुम्भ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने पूरी आस्था के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले राष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम में पुष्प और नारियल अर्पित किया और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर प्रणाण किया। उन्होंने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुए एक के बाद एक कई बार पवित्र जल में डुबकी लगाई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच उन्होंने संगम स्थल पर पूजा अर्चना की और संगम की आरती भी उतारी।इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

**राष्ट्रपति के प्रयागराज आगमन पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया स्वागत**



### विधिवत किया पूजन अर्चन

त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सपरिवार विधिवत पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से पहले राष्ट्रपति ने सबसे पहले पूर्ण आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर पवित्र जल में फूल माला और नारियल अर्पित कर समस्त राष्ट्र की समृद्धि और शांति की मनोकामना की। इसके बाद उन्होंने भगवान सूर्य की अराधना की और अर्घ्य देकर प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ संगम में एक के बाद एक कई डुबकियां लगाईं। स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया। राष्ट्रपति ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी का दुग्धाभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहां मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उन्हें कलावा बांधकर अभिनंदन किया ।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सोमवार सुबह प्रयागराज पहुंचने पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

## महाकुंभ फिर चोक; प्रयागराज में दो दिन में पहुंचे 2.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु, 7 एंट्री मार्गों पर 30 किमी लंबा जाम, संगम घाट स्टेशन 14 फरवरी तक बंद -

**10-12 लाख लोग यहां-वहां रास्ते में भूखे प्यासे फंसे, पुलिस कर रही लोगों से गुजारिश- कृपया, वापस लौट जाइए, अभी महाकुंभ मत आइए**




प्रयागराजः महाकुंभ में संगम स्नान के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से प्रयागराज आने-जाने वाले सभी रास्ते चोक हो चुके हैं. पिछले 4 दिनों से हालात यह हैं कि अब पुलिस को लोगों से गुजारिश करनी पड़ रही है कि वे वापस लौट जाएं, प्रयागराज न आएं. इस बीच, रेलवे ने भी भीड़ को देखते हुए संगम घाट स्टेशन बंद कर दिया है. फिलहाल, प्रयागराज के सभी 7 एंट्री प्वाइंट पर 15 से 30 किमी तक लंबा महाजाम लगा है. यही हाल तीर्थराज प्रयागराज शहर के अंदर भी है. संगम जाने वाले हर रास्ते पर आदमी ही आदमी नजर आ रहे हैं. मानो तिल रखने की जगह न हो. चूंकि 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा का स्नान है, इसलिए भीड़ लगातार बढ़ती ही जा रही है. गंगा में डुबकी लगाने के इच्छुक लोगों को दोनों तरफ मिलाकर 35 से 40 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है. 5 फरवरी की रात से उमड़ने लगी भीड़: 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ के बाद महाकुंभ में अचानक से भीड़ कम हो गई थी.।

**संक्षिप्त समाचार**

### सुरक्षाबलों को मिली संदिग्ध गतिविधि की सूचना, पुंछ में जारी किया गया सर्च ऑपरेशन

सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में लगभग एक दर्जन इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद मेंढर, सुरनकोट और गुरसाई इलाकों के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान शुरू किया गया। स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर सुरनकोट में निचले चानन, सायर, सनाई जंगल, चिति भाटी और फजलाबाद, मेंढर में दराई जंगल और आसपास के इलाकों और गुरसाई में खोखर मोहल्ला, कंडी और गलहुट्टा को घेर लिया। पुलिस ने बताया कि दो साल की तलाश के बाद रविवार को एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बिश्नाह के रेहाल गांव का निवासी सुरजन सांसी एक हिस्ट्रीशीटर है और उसकी गिरफ्तारी गैंगस्टरों के खिलाफ अभियान में पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है।

### घर में घुसकर एक नाबालिग दलित बालिका से दुष्कर्म, आरोपी फरार

बदायूं जिले में कादर चौक क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर एक दलित नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि कादरचौक थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार देर रात लड़की के पिता खेत की रखवाली करने गये थे तथा रविवार तड़के करीब चार बजे लवलेश नामक युवक उसके घर में घुस गया और लड़की को अकेली पाकर उसने उससे दुष्कर्म किया। श्रीवास्तव के अनुसार इसी दौरान लड़की का पिता घर लौटा तो लवलेश मौके से भाग गया। इसके बाद पीड़िता के पिता ने थाने पहुंच कर पुलिस को मामले की शिकायत की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो एक्ट और दलित अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# नंबर को लेकर तनाव नहीं लें छात्र और अभिभावक

## बच्चों की अनूठी प्रतिभा को पहचानें: मोदी

एजेंसी

> उन्होंने कहा, शिक्षा समग्र विकास के लिए है। छात्रों को दीवारों के भीतर सीमित नहीं होना चाहिए। विकास के लिए, उन्हें अपने जुनून का पता लगाने की स्वतंत्रता की आवश्यकता है। किसी को इस विचार के साथ नहीं रहना चाहिए कि परीक्षा सब कुछहै।



नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दसवीं-बारहवीं के छात्रों छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को सोमवार को नसीहत दी कि वे नंबरों को लेकर तनाव नहीं लें और बच्चों की अनूठी प्रतिभा को पहचान कर उसे बढ़ाने में मदद करें।श्री मोदी ने यहां सुंदर नर्सरी में बच्चों के एक समूह के साथ परीक्षा पर चर्चा करते हुए उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए प्रेरणादायी विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में दुर्भाग्य से ये घुस गया कि अगर हम स्कूल में इतने नंबर नहीं लाए, दसवीं-बारहवीं में इतने नंबर नहीं आए तो जिंदगी तबाह हो जाएगी। इसलिए पूरे घर में तनाव हो जाता है, ऐसे में आपको खुद को तैयार करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे में इस तनाव को मन में न लें और तय करें कि आपको आज कितना पढ़ना हैङ्घ ये अगर आप कर लेते हैं, तो आप इस तनाव से खुद को निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप स्वच्छता के बारे में प्रचार कर रहे हैं लेकिन गंदगी पैदा कर रहे हैं, तो आप लीडर नहीं हो सकते।एक लीडर बनने के लिए, समझ और धैर्य के साथ-साथ टीम वर्क महत्वपूर्ण है। आपको अपने साथियों के लिए वहां होना चाहिए, और यह विश्वास लाएगा। यह विश्वास आपके नेतृत्व को सुनिश्चित करेगा।

श्री मोदी ने कहा, आप, सम्मान मांग नहीं सकते, आपको सम्मान कमाना पड़ेगा। इसके लिए आपको खुद को बदलना होगा।

# पंजाब में खेला ना हो जाए, केजरीवाल ने बुलाई सीएम समेत मंत्रियों-विधायकों की अहम बैठक

## पंजाब कांग्रेस का दावा- 30 आप विधायक हमारे संपर्क में

एजेंसी




नई दिल्लीः आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार 11 फरवरी को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्य के मंत्रियों और विधायकों की एक बैठक बुलाई है. सूत्रों के मुताबिक बैठक में दिल्ली चुनाव नतीजों और 2027 में होने वाले पंजाब चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी.दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में करारी हार के बाद यह बैठक बुलाई गई है. विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी को महज 22 सीटें मिली, जबकि भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ 48 सीटें हासिल हुईं. इससे पहले रविवार को कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए दावा किया था कि पंजाब में 30 से अधिक आप विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं और पाला बदलने के लिए तैयार हैं. उन्होंने दिल्ली चुनाव नतीजों को लेकर आप पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी को दिल्ली में अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है।

> दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है. उसे महज 22 सीटें हाथ लगी हैं.

# यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और अपूर्व मुखीजा के खिलाफ केस दर्ज

## सीएम फडणवीस बोले-होना चाहिए एक्शन

> रणवीर अल्लाहबादिया और अपूर्व मुखीजा के खिलाफ अपमानजनक भाषा यूज करने को लेकर शिकायत की दर्ज की गई है.



एजेंसी

नई दिल्लीः महाराष्ट्र के मुंबई में मशहूर सोशल मीडिया हस्तियों रणवीर अल्लाहबादिया और अपूर्व मुखीजा, जिन्हें 'बीयरबाइसेप्स' और 'द रिबेल किड' के नाम से जाना जाता है के खिलाफ 'इंडियाज गॉट लैटेंट' नामक शो में कथित तौर पर 'अपमानजनक भाषा' के इस्तेमाल को लेकर शिकायत दर्ज की गई है. इनके अलावा कॉमेडियन समय रैना के खिलाफ भी शिकायत की गई है. जानकारी के मुताबिक शो के आयोजकों के साथ-साथ कंटेंट क्रिएटर्स पर भी मामला दर्ज किया गया है. मुंबई कमिश्नर और महाराष्ट्र महिला आयोग के समक्ष दर्ज की गई शिकायत में उल्लेखित आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है. बता दें कि कंटेंट क्रिएटर आशीष चंचलानी, जसप्रीत सिंह और अपूर्व मुखीजा, 'बीयर बाइसेप्स पॉडकास्टर' के साथ रैना के शो के एक एपिसोड में शामिल हुए थे।

# बजट सत्र 2025: यूरो और पाउंड समेत अन्य मुद्राएं डॉलर के मुकाबले मजबूत हो रही हैं, लेकिन रुपया गिरता जा रहा है: सुले

## बजट में कोई दर्शन नहीं, राजनीति से प्रेरित था और दिल्ली के नतीजों से उद्देश्य की पूर्ति हुई: चिदंबरम

> आज ब्रिटेन में पाउंड को डॉलर के मुकाबले मजबूती मिली है, सिंगापुर डॉलर मजबूत हुआ है. यूरो भी मजबूत स्थिति में है, लेकिन रुपया और गिर गया. उन्होंने कहा कि हमें पता है कि सरकार इसके पीछे यही तर्क दोहराएगी कि इसके लिए वैश्विक परिस्थिति जिम्मेदार हैं.



एजेंसी

नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत की पृष्ठभूमि में पार्टी सदस्यों ने सोमवार को लोकसभा में 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए. बीते आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद संसद के वर्तमान बजट सत्र का आज पहला कामकाजी दिन था. सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही भाजपा के कई सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो गए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए नारे लगाने लगे. उन्होंने 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए. सत्तापक्ष के सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने प्रश्नकाल शुरू करवाया. केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने सोमवार को कहा कि आज जब डॉलर के मुकाबले पाउंड, यूरो और सिंगापुरी डॉलर जैसी विदेशी मुद्राएं मजबूत हो रही हैं, ऐसे में रुपये का मूल्य गिरने के पीछे वैश्विक परिदृश्य को जिम्मेदार ठहराने का सरकार का तर्क नहीं चलेगा. लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए सुले ने 12 लाख रुपये की वार्षिक आय को कर से मुक्त करने के बजट में किए गए प्रस्ताव को सराहा, लेकिन जीएसटी में छूट देकर राज्यों और आम नागरिकों को राहत देने की मांग भी केंद्र सरकार से की।

# सीएम उमर अब्दुल्ला ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

> उपराज्यपाल मनोज सिन्हा समेत शीर्ष सुरक्षा और नागरिक अधिकारी शामिल हुए थे. वर्ष 2019 अगस्त में राज्य के पुनर्गठन के बाद बने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में उमर अब्दुल्ला कार्यभार संभाल रहे हैं.



एजेंसी

नई दिल्ली : जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की. इस दौरान दोनों के बीच में कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया. जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद उमर अब्दुल्ला की अमित शाह के साथ यह तीसरी मुलाकात थी. यह बैठक जम्मू कश्मीर में विपक्ष भाजपा के नेता सुनील शर्मा द्वारा गृह मंत्री से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है. वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अपनी बैठक के बारे में पूछे जाने पर, जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा, जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा, सुरक्षा स्थिति, 3 मार्च से बजट सत्र और शासन के मुद्दों पर चर्चा हुई... उमर अब्दुल्ला से जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ब्लॉक में एकता है।

**हमला**

## महबूबा मुफ्ती ने उमर अब्दुल्ला सरकार पर बोला हमला

# इल्तिजा मुफ्ती के दो पीएसओ निलंबित

एजेंसी



> महबूबा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विडंबना और अनुचित है कि इल्तिजा के दो पीएसओ को उनकी अपनी गलती के बिना निलंबित कर दिया गया है ।उन्हें केवल इसलिए दंडित किया गया क्योंकि इल्तिजा एक अपराधी की तरह अपने घर तक सीमित होने के बावजूद कठुआ पहुंचने में कामयाब रही।

**नयी दिल्ली।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को अपनी बेटी और पार्टी नेता इल्तिजा मुफ्ती के दो पीएसओ को निलंबित करने के सरकार के कदम की आलोचना की। महबूबा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विडंबना और अनुचित है कि इल्तिजा के दो पीएसओ को उनकी अपनी गलती के बिना निलंबित कर दिया गया है। उन्हें केवल इसलिए दंडित किया गया क्योंकि इल्तिजा एक अपराधी की तरह अपने घर तक सीमित होने के बावजूद कठुआ पहुंचने में कामयाब रही। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि इस बीच, सोपोर में वसीम मीर या बिलावर में माखन दीन की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि मेरे दो पीएसओ, जिन पर मेरी सुरक्षा की जिम्मेदारी है, को निलंबित कर दिया गया है, लेकिन वे (राज्य सरकार) कठुआ में एस.एच.ओ को निलंबित नहीं कर रहे हैं, जो जबरन वसूली रैकेट चला रहा है और जिसने डर का माहौल पैदा कर दिया है। जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा के बारे में सोचना राज्य या केंद्र सरकार की प्राथमिकता नहीं है।उन्होंने कहा कि सीएम उमर अब्दुल्ला को कल कठुआ पहुंचना चाहिए था। हम वहां गए लेकिन वह दिल्ली में लंच कर रहे थे।' फारूक अब्दुल्ला को हमें बताना चाहिए कि उनके बेटे सीएम उमर अब्दुल्ला की प्राथमिकताएं क्या हैं।

मैं कठुआ में एस.एच.ओ का मुद्दा उठाना चाहती हूं जो युवा लड़कों से पैसे वसूल रहा है और उन्हें प्रताड़ित कर रहा है।इल्तिजा ने एक दिन पहले दावा किया था कि उन्हें और उनकी मां महबूबा मुफ्ती को नजरबंद कर दिया गया है। कठुआ के बिलावर क्षेत्र के गुर्जर समुदाय के युवक माखन दीन (25) ने मंगलवार शाम अपने घर पर कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली थी तथा खुद को निर्दोष बताते हुए इसका वीडियो भी बना लिया था। माखन दीन ने आतंकवादियों से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया, जिसके बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने अलग-अलग जांच शुरू कर दी।

# इंजीनियर राशिद को राहत, संसद सत्र में भाग लेने के लिए मिली 2 दिन की हिरासत पैरोल



> राशिद को अपने मोबाइल फोन के साथ-साथ इंटरनेट तक पहुंच से रोक दिया गया है।कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता संसद में भाग लेने की अपनी सीमित जिम्मेदारी को छोड़कर किसी भी व्यक्ति से बातचीत नहीं करेगा।

एजेंसी


नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सांसद इंजीनियर रशीद को दो दिन की हिरासत पैरोल दे दी, जिन्हें यूएपीए के तहत दर्ज आतंकी फंडिंग मामले में हिरासत में लिया गया है। राशिद ने संसदीय बजट सत्र में भाग लेने के लिए हिरासत पैरोल की मांग की थी।न्यायमूर्ति विकास महाजन ने आदेश सुनाते हुए कहा कि इस मामले के अजीबोगरीब तथ्यों को देखते हुए 2 दिनों के लिए कस्टडी पैरोल दी जा रही है... शर्तें लगाई गई हैं। कोर्ट ने राशिद को 11 और 13 फरवरी के लिए कस्टडी पैरोल दी है। राशिद को अपने मोबाइल फोन के साथ-साथ इंटरनेट तक पहुंच से रोक दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता संसद में भाग लेने की अपनी सीमित जिम्मेदारी को छोड़कर किसी भी व्यक्ति से बातचीत नहीं करेगा। वह किसी भी तरीके से मीडिया को संबोधित नहीं करेंगे।इस मामले में पिछले हफ्ते फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। अदालत ने राशिद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा को सुना। रशीद ने इससे पहले उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि पिछले साल लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अदालत द्वारा उनकी जमानत याचिका पर विचार करने के बाद उन्हें अधर में छोड़ दिया गया था,

## सम्पादकीय

# जनाधार के लिए जूझती कांग्रेस, संदिग्ध विश्वसनीयता से उबरना होगा

जिस दिल्ली में कांग्रेस ने लगातार 15 साल राज किया, उसी में लगातार तीसरी बार विधानसभा चुनाव में खाता नहीं खोल पाई। सबसे पुराने राजनीतिक दल के लिए देश की राजधानी में यह चिंता की बात होनी चाहिए, पर उसके नेताओं के बयानों में आप की सत्ता से बेदखली पर संतोष झलक रहा है। वही आप, जो कांग्रेस के साथ डेढ़ साल पहले बने विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में शामिल है और दोनों दल दिल्ली समेत कुछ राज्यों में पिछले साल लोकसभा चुनाव भी मिल कर लड़े थे। भाजपा को केंद्रीय सत्ता से हटाने के लिए हाथ मिलाने वाले दल अब एक-दूसरे को ठिकाने लगाने पर ही संतुष्ट नजर आ रहे हैं तो जाहिर है कि यह देश की राजनीति में बड़े मोड़ का संकेतक है। दिल्ली में पिछले दोनों चुनाव में मुकाबला किस तरह एकतरफा था, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 70 सदस्यों की विधानसभा में एक बार आप 67 सीटें जीती तो दूसरी बार 62, जबकि भाजपा क्रमशः तीन और आठ सीटों पर सिमट गई। फिर भी कांग्रेस ने इस बार विपक्षी गठबंधन में अपने सहयोगी दल के विरुद्ध ही जोर आजमाइश का फैसला किया तो साफ है कि अब उसका फोकस हर हाल में भाजपा को हराने के बजाय फिर से खुद अपने पैरों पर खड़े होने पर है। आप ने कांग्रेस से पहले दिल्ली की सत्ता छीनी, फिर पंजाब की। गुजरात और गोवा में भी कांग्रेस का जनाधार आप की जड़ें फैलने से ही सिकुड़ा। इसीलिए पिछले साल लोकसभा चुनाव में व्यापक विपक्षी गठबंधन के बावजूद नरेन्द्र मोदी को सत्ता की हैटट्रिक से रोकने में नाकामी के बाद कांग्रेस ने तय किया कि 2029 में होने वाले अगले लोकसभा चुनाव तक उसे अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश करनी चाहिए। अपने पैरों पर खड़े होने की पहली शर्त है कि अपने जनाधार में सेंध लगाने वाले दलों से निपटा जाए। जहां तक पहली भिड़ंत आप से होने का प्रश्न है तो यह प्रयोग भी है और संयोग भी। प्रयोग इसलिए कि आप का जन्म ही कांग्रेस के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों और आंदोलन से हुआ। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी पहली सरकार भी उसी के समर्थन से बनाई, पर दिल्ली से गुजरात तक वाया पंजाब उसे कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसलिए भाजपा के बाद कांग्रेस को आप ही अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानती है। संयोग यह कि लोकसभा चुनाव के बाद दिल्ली ही विधानसभा चुनाव वाला वह राज्य है, जहां आप बड़ी ताकत है। दिल्ली में कांग्रेस के पास गंवाने के लिए भी कुछ नहीं था। हां, आप की सत्ता दांव पर थी, जो अंततः चली भी गई। दिल्ली की सत्ता से 27 साल का वनवास समाप्त करने के लिए भाजपा नेताओं-कार्यकताओं की मेहनत को कम नहीं आंका जाना चाहिए, पर यह तो तथ्य है कि दो प्रतिशत मत ज्यादा पा कर ही भाजपा आप से 40 सीटें छीनने में सफल रही, जबकि कांग्रेस ने भी इस बार 2.8 प्रतिशत मत ज्यादा हासिल किए।

## आज का विचार







**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :** वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :** आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :** आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :** आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।


**मीन :** आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# बेलगाम होते जा रहे कोचिंग संस्थान, ठोस कानूनी नियमावली के दायरे में लाना आवश्यक

> छात्रों के साथ अभिभावकों के सपनों पर पानी भी फिरता है। ऐसे में कोचिंग संस्थाओं की मनमानी को महज आर्थिक हानि नहीं माना जाना चाहिए। कोचिंग संस्थानों की मनमाने संचालन से छात्रों के भविष्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए उनके अनुचित कार्यों को गंभीर अपराध की श्रेणी में लाया जाना चाहिए। इसके बिना इस समस्या का समाधान संभव नहीं है।

हाल में इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों में से एक फिटजी के कई सेंटर बीच सत्र में ही अचानक बंद हो गए। इससे लाखों की संख्या में छात्रों की पढ़ाई तो अधर में लटकी ही, अभिभावकों का विश्वास एवं उनकी वित्तीय स्थिति भी हिल गई। फिटजी के प्रभावित होने वाले केंद्र दिल्ली के साथ-साथ नोएडा, मेरठ, गाजियाबाद, वाराणसी, लखनऊ, भोपाल, पटना आदि शहरों के हैं, जिनमें एक-एक सेंटर में छात्रों का आंकड़ा हजारों तक पहुंच रहा था। लगभग तीन लाख प्रति छात्र सालाना शुल्क वसूलने वाले इस कोचिंग संस्थान ने जेईईई और नीट-यूजी की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों के बीच अपनी एक खास छवि स्थापित कर ली थी, पर अभिभावकों के सपनों को पूरा करने और युवा भविष्य को तराशने का काम करने वाले इस संस्थान को अब संदेह की निगाह से देखा जा रहा है। नोएडा पुलिस ने संस्थान के संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके बैंक खाते सीज कर दिए हैं। जांच के दौरान पुलिस को अलग-अलग बैंकों में फिटजी के सैकड़ों बैंक खाते मिले। मध्यमवर्गीय परिवारों ने अपने खून-पसीने की कमाई जैसे-तैसे इस संस्थान को इस आस में जमा की थी कि उनके बच्चों का भविष्य संवरेगा। कहा जा रहा है कि कई महीनों से वेतन न मिलने की स्थिति में हताश शिक्षकों द्वारा सामूहिक त्यागपत्र के कारण कई



सेंटरों पर ताले पड़ गए। छात्रों और अभिभावकों के शोर मचाने पर अन्य केंद्रों से प्रशिक्षकों को लाने के प्रयास किए गए, लेकिन वे नाकाम रहे। इस स्थिति में प्रशासन के पास कोचिंग सेंटरों का संचालन बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहा। कोई ठोस कानून और नियमावली के अभाव में पुलिस एवं प्रशासन अभिभावकों को कोरी सांत्वना के आलावा कुछ भी नहीं दे पाया। प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में प्रवेश की गलाकाट प्रतिस्पर्धा का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि प्रतिवर्ष लगभग 14 लाख के आसपास छात्र आवेदन करते हैं। इनमें से केवल लगभग एक प्रतिशत ही आईआईटी में प्रवेश पा पाते हैं। यह एक अलग विषय है कि प्रतियोगी परीक्षा के दुर्गम होते स्तर से प्रतियोगिता के मुख्य उद्देश्य सर्वोत्तम प्रतिभा चयनित करने की पूर्ति हो रही हो या नहीं, लेकिन इतना अवश्य है कि छात्रों एवं अभिभावकों की कोचिंग संस्थानों पर निर्भरता बढ़ गई है। जैसी प्रतिस्पर्धा जेईई को लेकर देखने को मिलती है, वैसी ही नीट-यूजी को लेकर भी। कठिन प्रतिस्पर्धा के चलते सतत मानसिक दवाब से जूझ रहे किशोरों में मानसिक अवसाद और आत्महत्या की प्रवृत्ति जैसे बढ़ते विकार किसी से छिपे नहीं हैं। लुभावने वादों के सहारे कठिन प्रतिस्पर्धा को भुनाने वाले कोचिंग संस्थान आज शिक्षातंत्र में विद्यालयों को अप्रासंगिक कर स्वच्छंदता से पनप रहे हैं। इसकी पुष्टि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में गड़बड़ी के बाद गठित की गई उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट से होती है। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि कोचिंग-संस्थानों की कार्यप्रणाली से संबंधित विशेष नीति बनाए जानी चाहिए, क्योंकि उनके द्वारा एक समानांतर शैक्षणिक प्रणाली निर्मित कर ली गई है, जो सीनियर सेकेंडरी स्तर की स्कूली शिक्षा के लिए घातक साबित हो रही है। इस समानांतर प्रणाली के कारण विद्यार्थियों की स्कूली उपस्थिति में भी कमी आई है। बीते दिनों शिक्षा मंत्रालय से जुड़ी संसदीय समिति ने भी शिक्षा संस्थानों और कोचिंग संस्थानों के बीच बढ़ते गठजोड़ पर गहरी चिंता जताई और केंद्र सरकार से दोनों के नापाक गठजोड़ को खत्म करने की सिफारिश की। इस समिति ने इस पर भी जोर दिया कि कोचिंग संस्थानों के साथ मिलकर कर काम करने वाले शिक्षा संस्थानों की पहचान कर उनकी मान्यता रद की जाए और उन्हें मिलने वाली वित्तीय मदद रोकी जाए। आज कोचिंग संस्कृति की यह स्थिति है कि छात्र स्कूल जाएं या नहीं, परंतु कोचिंग उसकी दिनचर्या का अनिवार्य अंग बन चुकी है। 2023 में फिटजी का राजस्व लगभग साढ़े पांच सौ करोड़ दशार्या गया था। देश में फिटजी जैसे अन्य कोचिंग संस्थान भी हैं, जो मोटा मुनाफा कमाते हैं, लेकिन वे किसी संवैधानिक एजेंसी द्वारा विनियमित नहीं हैं। कोचिंग संस्थानों पर उपभोक्ता संरक्षण एवं वाणिज्यिक कानून भी प्रभावी रूप से लागू नहीं पा रहे हैं। नतीजन समय-समय पर छात्र ठगे जाते हैं। गत वर्ष दिल्ली में एक कोचिंग संस्थान के जरिये सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की इस संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने से मौत हो गई थी। इसके पहले शैक्षिक स्टार्टअप बायजूस दिवालिया घोषित हो गया था। कोचिंग संस्थानों के मनमाने तरीके से संचालन से छात्रों को केवल वित्तीय हानि ही नहीं उठानी पड़ती, बल्कि उनके समय की भी बबार्दी होती है। छात्रों के साथ अभिभावकों के सपनों पर पानी भी फिरता है। ऐसे में कोचिंग संस्थाओं की मनमानी को महज आर्थिक हानि नहीं माना जाना चाहिए। कोचिंग संस्थानों की मनमाने संचालन से छात्रों के भविष्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए उनके अनुचित कार्यों को गंभीर अपराध की श्रेणी में लाया जाना चाहिए। इसके बिना इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। छात्रों और अभिभावकों के विश्वास को मजबूत करने के लिए कोचिंग संस्थाओं को किसी ठोस कानूनी नियमावली के दायरे में लाया जाना आवश्यक है। इस नियमावली में फीस, शैक्षिक गुणवत्ता के मानक, पाठ्यक्रम, स्टाफ का वेतन आदि महत्वपूर्ण बिंदु शामिल होने चाहिए। गुरुओं के देश भारत के शैक्षिक तंत्र की वर्तमान चुनौतियों का सामना किए बिना समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ शिक्षक एवं छात्रों के अधिकारों को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। देखना होगा कि पीड़ितों की वेदना नीति-नियंताओं की चेतना को कब तक जगा पाती है?

# सुनहरा कल वर्तमान की कठिन सीढ़ियों से चढ़ कर ही बनता है

संजीव ठाकुर

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि ₹आशाओं पर आकाश टिका हुआ है₹ और निसंदेह आशा, उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर



सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है। सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड-19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। इस संदर्भ में हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच रख कर अपने मौजूदा संसाधनों का संपूर्ण दोहन कर सटीक नीति और भविष्य की योजनाएं बनाकर उस पर मेहनत करनी होगी और मेहनत से उपजे आत्मबल तथा संयम के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण ऊर्जा समेकित रूप से केंद्रित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी। नागरिकों के समेकित प्रयास अच्छी सोच और कड़ी मेहनत से ही संपूर्ण राष्ट्र वैश्विक स्तर पर एक आदर्श तथा प्रेरणादायक राष्ट्र बनने की क्षमता की ओर आगे बढ़ सकता है।

# जिंदगी का गणित

विजय गर्ग

लंबे समय से देश में इस बात को लेकर गंभीर विमर्श होता रहा है कि स्कूल-कालेजों में शिक्षा का स्वरूप जीवन के व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित होना चाहिए। अकसर देखने में आता है कि हम शैक्षिक पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों में जिन गूढ़ सिद्धांतों को रटते रहते हैं उसका हमारे जीवन व रोजगार से कोई व्यावहारिक सरोकार नहीं दिखता। यही वजह है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि शिक्षा पद्धति रटने वाली होने के बजाय संवादात्मक शिक्षण पर आधरित हो। जो वास्तविक ज्ञान सीखने पर बल दे। जिससे पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र स्कूल-कालेजों में अर्जित ज्ञान को वास्तविक जीवन स्थितियों में उपयोग कर सकें। जिससे छात्र अपने जीवन में आत्मविश्वास के साथ दुनिया का सामना करने के लिये तैयार हो सकें। नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी और एस्थर डुफ्लो द्वारा तैयार किए गए और हाल ही में चर्चा में आए एक अध्ययन का निष्कर्ष बताता है कि छात्रों को दैनिक जीवन में काम आने वाले व्यावहारिक गणित के ज्ञान में पारंगत होना चाहिए। जैसा गुण बाजार में काम करने वाले भारतीय बच्चों में देखने में आता है। अकसर महसूस किया जाता है कि कक्षाओं में पढ़ाया जाने वाला गणित जीवन व्यवहार में काम नहीं आता। दूसरे शब्दों में कहें तो सीखने की सहज और औपचारिक शैलियों के बीच एक बड़ा अंतर पाया जाता है। जो इस बात पर बल देता है कि पाठ्यक्रम में सुधार करके इस खाई को पाटने का अविलंब प्रयास किया जाए। यह निर्विवाद सत्य है कि दुनिया भर में कम आय वर्ग वाली पृष्ठभूमि वाले स्कूली बच्चों के लिये गणित जैसे विषय में महारत हासिल करना एक चुनौती होती है। बल्कि दूसरे शब्दों में कहा जाए तो उनमें गणित को लेकर एक फोबिया जैसा होता है। कमोबेश भारतीय बच्चे भी इसका अपवाद नहीं हैं। यही क्रम पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता रहता है। लेकिन इस विसंगति की तह तक जाने के लिये कोई गंभीर पहल नहीं हो पायी।

वहीं दूसरी ओर देश में लाखों बच्चे ऐसे हैं जो गरीबी और विषम पारिवारिक परिस्थितियों के कारण स्कूलों का मुंह नहीं देख पाए। जिसके चलते पारिवारिक मजबूरियों के कारण उन्हें छोटे-मोटे काम करने के लिये बाध्य होना पड़ता है। मसलन फेरी लगाना या सड़कों के किनारे छोटा-मोटा सामान बेचने का कार्य उन्हें करना पड़ता है। अध्ययन बताता है कि वे बिना किसी सहायता के पलभर में जटिल गणितीय गणनाएं कर सकते हैं। दरअसल, स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले अमूर्त गणित को समझना छात्रों के लिये खासा कठिन होता है। वहीं दूसरी ओर विरोधाभास यह है कि इन छात्रों के स्कूल जाने वाले, जो साथी गणित में उत्कृष्ट होते हैं, वे व्यावहारिक जीवन में बुनियादी गणनाओं को करने में अकसर विफल ही साबित होते हैं। वहीं दूसरी ओर देश में शिक्षा की वार्षिक स्थिति वाली रिपोर्ट यानी एएसईआर-2024 से पता चलता है कि सरकारी और निजी स्कूलों में छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों में अंकगणित के स्तर में सुधार हुआ है। निस्संदेह, इसे एक अच्छा संकेत माना जाना चाहिए। लेकिन वास्तव में जरूरत इस बात की है कि छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से आगे बढ़ने और जीवन की गणनाओं में उनके व्यावहारिक कौशल को निखारने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। निश्चित रूप से ऐसा कोई भी प्रयास नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में मददगार हो सकता है, जो व्यावहारिक शिक्षा दिए जाने की जरूरत पर बल देती है। वास्तव में ऐसा कोई भी प्रयास छात्रों को किताबी कीड़ा या परीक्षा योद्धा बनाने के बजाय स्ट्रीट-स्मार्ट बनाकर उनकी रोजगार पाने की क्षमता और योग्यता में सुधार करने में मददगार साबित हो सकता है।

# राज ठाकरे के घर पहुंचे देवेंद्र फडणवीस, आधे घंटे सीक्रेट मीटिंग, महाराष्ट्र की सियासत में कुछ पक रहा है?



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे से मिलने पहुंचे। यह मुलाकात खास इसलिए थी क्योंकि देवेंद्र फडणवीस खुद राज ठाकरे के घर उनसे मिलने पहुंचे। सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे ठाकरे के आवास 'शिवतीर्थ' पहुंचे। इस यात्रा का कारण अभी भी रहस्य है। दोनों के बीच आधे घंटे से अधिक समय तक मुलाकात होती रही। इस अवसर पर मनसे नेता संदीप देशपांडे और बाला नंदगांवकर भी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की नाराजगी और उससे संबंधित हो रही अन्य राजनीतिक चचाओं की पृष्ठभूमि में यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सुबह 11 बजे दादर स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। उससे पहले वह राज ठाकरे से मिलने पहुंचे।

# रणवीर अल्लाहबादिया-समय रैना पर भड़कीं उद्धव गुट की नेता प्रियंका चतुर्वेदी

## कहा- संसद की स्टैंडिंग कमेटी में उठाएंगी अश्लील जोक्स मामला

☞ अप कॉमेडियन समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में पेरेंट्स पर अश्लील जोक्स करने पर यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया और शो के आयोजकों की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। इस मामले को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी की प्रतिक्रिया आई है।

- प्रियंका चतुर्वेदी ने शो के खिलाफ उठाए सवाल
- रणवीर अल्लाहबादिया की अश्लील टिप्पणियों पर विवाद
- सरकार की कार्रवाई पर वारिस पठान ने उठाए सवाल




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में पेरेंट्स पर अश्लील जोक्स करने पर यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया और शो के आयोजकों की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। इस मामले को लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को आईटी और संचार की स्थायी समिति के सामने उठाएंगी।

### प्रियंका चतुर्वेदी ने क्या कहा?

शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मैं एक संसद सदस्य के रूप में आईटी और संचार की स्थायी समिति में इंडियाज गॉट लेटेंट नामक शो के मुद्दे को उठाऊंगी। इसमें अश्लील, ईशनिंदा वाली सामग्री को कॉमेडी के रूप में पेश किया जाता है। हमें सीमाएं तय करने की जरूरत है, क्योंकि ये प्लेटफॉर्म युवा दिमाग को प्रभावित करते हैं और वे पूरी तरह से बकवास सामग्री को कंटेंट के रूप में पेश कर रहे हैं। रणवीर अल्लाहबादिया द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा को कॉमेडी पैनल में अन्य लोगों द्वारा भी प्रोत्साहित किया गया, यह अस्वीकार्य है।

### वारिस पठान ने उठाए सवाल

एआईएमआईएम के नेता वारिस पठान ने रणवीर अल्लाहबादिया की टिप्पणी को लेकर उन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उनका बयान बहुत ही आपत्तिजनक है, वेस्टर्न कल्चर में भी ऐसा नहीं हो रहा है, जो यहां चल रहा है। उन्होंने फ्रीडम ऑफ स्पीच की धज्जियां उड़ाकर रख दीं। रणवीर ने जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल माता-पिता के लिए किया है, यह शर्म की बात है।

### सरकार पर उठाए सवाल

उन्होंने आगे कहा कि इस मुद्दे पर सरकार क्या कर रही है। पीएम मोदी तो खुद सड़क छाप लोगों को गले लगा रहे हैं। अगर ऐसा होगा तो देश का माहौल खराब होगा। ऐसे (रणवीर) लोगों की पिटाई करनी चाहिए, क्योंकि इन्हें वायरल होने का बहुत ही शौक है। इतना ही नहीं, शो में मौजूद एक महिला भी आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रही है।

### मामले में मुकदमा दर्ज

स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में पेरेंट्स पर अश्लील जोक्स करने पर यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया, कॉमेडियन समय रैना, अपूर्वा मखीजा के साथ ही शो के आयोजकों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज की गई है।

## फास्ट ट्रैक

### लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 119 किलोमीटर 256/7-8 (भिलवडी स्टेशन और नान्द्रे स्टेशन) पर 4 दिनों के लिए बंद रहेगा

पुणे मंडल पर वरी. सेक्शन अभियंता (पी वे) भिलवडी के अधीन लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 119 किलोमीटर 256/7-8 (भिलवडी स्टेशन और नान्द्रे स्टेशन) को 13.02.2025 (गुरुवार) को 08.00 बजे से 16.02.2025 (रविवार) को 18.00 बजे तक 04 दिनों तक बंद करने का निर्णय लिया है। इस अवधि के दौरान आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग पाचवा मिल-भिलवडी स्टेशन-चितले डेयरी-पाटील मला-वसागड़े और वसागड़े- पाटील मला - चितले डेयरी भिलवडी स्टेशन- पाचवा मिल है। आम जनता से अनुरोध है कि वे इस सुविधा को नोट करें और इसका लाभ उठाएं।

### 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन हेतु पुणे दिल्ली सफदरजंग के बीच सीआर एफटीआर विशेष ट्रेन

98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में भाग लेने वाले यात्रियों के लिए पुणे और दिल्ली सफदरजंग के बीच सीआर एफटीआर विशेष ट्रेन चलाई जाएगी।

ट्रेन विवरणः

ट्रेन संख्या 00176 पुणे झ दिल्ली सफदरजंग विशेष पुणे से 19.02.2025 को 15:15 बजे प्रस्थान करेगी।

ठहरावः जलगांव जंक्शन, ग्वालियर जंक्शन।

वापसी यात्राः ट्रेन 23.02.2025 को 22:30 बजे दिल्ली सफदरजंग से प्रस्थान करेगी।

ठहरावः भोपाल जंक्शन, मनमाड़ जंक्शन।

रचनाः 16 स्लीपर कोच, 2 एसएलआरडी कोच।

### सांसद की पत्नी से है पहचान, सेंट्रल रेलवे में आपके बच्चे को दिलवा दूंगा नौकरी, सीनियर सिटीजन से 28 लाख हड़पे

सेंट्रल रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर तीन लोगों ने एक बुजुर्ग व्यक्ति से 28 लाख रुपये ठग लिए। इस मामले में जरीपटका पुलिस ने तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने बुजुर्ग के बेटे को फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया था।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई /नागपुरः महाराष्ट्र के नागपुर जिले में सेंट्रल रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। तीन लोगों ने एक बुजुर्ग व्यक्ति से उसके बच्चे को सेंट्रल रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 28 लाख रुपये ठग लिए। इस मामले में जरीपटका पुलिस ने तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। बताया गया है कि आरोपियों ने बुजुर्ग के बेटे को फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया था। जो कि जांच के बाद फर्जी निकाल।किन पर दर्ज हुआ मुकदमापुलिस ने बताया कि जिन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है, उनके नाम पृथ्वीराज दुर्योधन साखरे (उम्र 52, निवासी बुद्धनगर), मिलिंद कांबले (उम्र 45, निवासी गणेशपेठ) और दीपक कवडू मोपट्टीवार (उम्र 64, निवासी रुद्राक्षनगर, बेसा रोड) हैं। देवदास राम जांभुलकर (उम्र 68, निवासी मायानगर, इंदौरा, जरीपटका) की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि देवदास का परिचय पृथ्वीराज से 2013 में हुआ था।कैसे की ठगीपृथ्वीराज ने देवदास से कहा कि मैं एक सांसद की पत्नी से अच्छी तरह परिचित हूं। अगर कोई किसी को काम पर रखना चाहता है तो काम बिना किसी बाधा के हो जाएगा। देवदास का बेटा विनीत नौकरी की तलाश में था। देवदास ने पृथ्वीराज से विनीत को नौकरी दिलवाने का अनुरोध किया। पृथ्वीराज ने विनती को सेंट्रल रेलवे या सामाजिक न्याय विभाग में नौकरी दिलाने का लालच दिया।कब पता चला कि नियुक्ति पत्र है फर्जीइसके बाद पृथ्वीराज ने मिलिंद कांबले और दीपक मोपट्टीवार को देवदास से परिचित कराया। उन्होंने मध्य रेलवे में नौकरी दिलाने का वादा कर समय-समय पर उससे कुल 28 लाख रुपये लिये। इसके बाद उन्हें विनीत की नियुक्ति के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया गया। जब विनीत और देवदास सेंट्रल रेलवे कार्यालय गए तो उन्हें पता चला कि नियुक्ति पत्र फर्जी था।

# महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा सामाजिक चेतना जगाते राष्ट्र और महाराष्ट्र के संत कवियों के प्रखर स्वर विषय पर साहित्य संगोष्ठी




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई। महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी, मुंबई द्वारा सामाजिक चेतना जगाते राष्ट्र, महाराष्ट्र के संत कवियों के प्रखर स्वर विषय पर एक दिवसीय साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गरिमापूर्ण संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने इस बात पर पूर्ण सहमति जताई कि राष्ट्र एवं महाराष्ट्र के संतों ने हमारे समाज में अज्ञान, संकीर्णता और जाति भेद का सदैव विरोध किया। यह एक दिवसीय संगोष्ठी रविवार, 9 फरवरी, 2025 को अकोला के राधाकिशन लक्ष्मीनारायण तोषनीवाल विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्यकारी सदस्य श्याम शर्मा के संयोजन में सफलता पूर्वक आयोजित की गई। इस संगोष्ठी के चर्चा सत्र के उद्घाटक प्रा. नारायण कुलकर्णी कवठेकर सहित प्रत्येक वक्ता का यही मंतव्य रहा कि हमारी संत परम्परा ने कभी एक-दूसरे के प्रति जाति भेद नहीं किया तथा वे एक- दूसरे को श्रेष्ठ मानकर उनका सम्मान करते थे। विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि संत केवल संत होते हैं, उनमें कोई भेद नहीं हो सकता। संत परम्परा अनादि काल से अस्तित्व में है। मराठी बहुल प्रांत महाराष्ट्र के भगवान विठ्ठल मूलतः महाराष्ट्र से नहीं बल्कि कर्नाटक से हैं, लेकिन इससे अधिक बड़ा सत्य यह है वे पूरे ब्रह्मांड के हैं। गोरखनाथ एवं तिरुविल्लूवर की संत परम्परा भी इसी प्रकार जाति, धर्म, भाषा और प्रांत से कहीं ऊपर है। संगोष्ठी के स्वागताध्यक्ष बीजीई सोसायटी के अध्यक्ष एडवोकेट मोतीसिंह मोहता रहे। विशेष अतिथि एवं इस विषय के मर्मज्ञ सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं गीतकार डॉ. रामप्रकाश वर्मा ने कहा कि तिरुविल्लुवर का लेखन कार्य और शंकरदेव जैसे महान संत साहित्यकारों का सामाजिक चेतना कार्य हिंदी के तुलसी, मीरा एवं कबीर की तरह ही हमारी कीमती धरोहर है। महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्यकारी सदस्य डॉ. प्रमोद शुक्ल ने तुलसी और कबीर की अनेक रचनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि उनका साहित्य कितना निर्भय और यथार्थवादी था ? संत परम्परा के अभ्यासक डॉ. किरण वाघमारे ने चक्रधर स्वामी के उल्लेखनीय समाज सुधारवादी कार्यों से श्रोताओं को अवगत करवाया। लेखक और पत्रकार डॉ. शैलेंद्र दुबे ने कुशल मंच संचालन किया। संगोष्ठी का शुभारम्भ प्रा. नाना भड़के द्वारा गाये गये महाराष्ट्र गीत के साथ हुआ। सुष्मिता तुषार शर्मा ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। संगोष्ठी की प्रस्तावना अकादमी के कार्यकारी सदस्य श्याम प. शर्मा ने प्रस्तुत की। संगोष्ठी के प्रथम सत्र का संचालन कृष्णकुमार शर्मा एवं द्वितीय सत्र का संचालन डॉ. शैलेन्द्र दुबे ने किया। मंच पर मौजूद गणमान्य अतिथियों को पुस्तकें और शॉल देकर सम्मानित किया गया। एडवोकेट मोतीसिंह मोहता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विदर्भ के संत तुकाडोजी महाराज, संत गाडगे बाबा, मराठी संत तुकाराम महाराज, संत नामदेव और संत ज्ञानेश्वर की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डाला। डॉ. शैलेंद्र दुबे ने श्रोताओं को गुरु नानक और संत दादू दयाल की सीख से अवगत करवाया। इस अवसर पर महेश पाण्डेय, प्रा. शारदा बियाणी, प्रा. तसनीम वोरा, प्राचार्य भडांगे, अनुराग मिश्र, डॉ. राजेश्वर बुंदेले, प्रा. मोनिष चौबे, डॉ. सरलता वर्मा, दर्शन लहरिया, डॉ. निशाली पंचगाम, सविता तापड़िया, प्रा. सारिका अग्रवाल, प्रा. अभिलाष बाजपेयी, श्री अमरावतीकर, गुजराती साहित्य अकादमी के विजय जानी, दिनेश शुक्ल, सिद्धार्थ शर्मा, तुषार शर्मा, सिंधी साहित्य अकादमी के डॉ. सुरेश लालवानी, डॉ. सुरेश केसवानी, टुली जीवतरामानी, डॉ. सत्यनारायण बाहेती, डॉ. आनंद चतुर्वेदी, प्रा. धीरज सिंह ठाकुर, अभिषेक जैन, हितेश सोनी, सुहास देशमुख, सीमाताई रोठे, डॉ. कोमल श्रीवास, शालिनी पूर्णये, नीमा झुनझुनवाला, मोहिनी मोडक, प्रा.कालीदास लाटा, प्रबोध देशपांडे,

# शिक्षक को अतिरिक्त काम के बोझ से रिहा किया जाना चाहिएःउद्धव ठाकरे




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , महाराष्ट्र राज्य शिक्षक सेना ने मुलुंड पूर्व में आरआर एजुकेशनल ट्रस्ट में राज्य स्तर के शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें राज्य भर से चार हजार से अधिक शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी शामिल हुए। इस एक दिवसीय बैठक में कुल 20 प्रस्ताव और विभिन्न शैक्षणिक मांगें स्वीकार की गईं। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने उन सवालों और गैर-शैक्षणिक कार्यों के बारे में अपनी राय व्यक्त की जिनका सामना शिक्षकों को हमेशा करना पड़ता है और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कैसे किया जाए। शिक्षक बच्चों को बनाने का काम कर रहे हैं. इस मौके पर सांसद संजय पाटिल ने बयान दिया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए शिक्षकों पर गैर शैक्षणिक काम कम किया जाना चाहिए.महाराष्ट्र राज्य शिक्षक सेना के अध्यक्ष और विधायक ज. मो. अभ्यंकर कार्यक्रम का स्वागत अध्यक्ष सांसद संजय दीना पाटिल, विभाग प्रमुख रमेश कोरगांवकर, विभाग प्रमुख पाटिल और शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 'आप-कांग्रेस ने एक-दूसरे को नष्ट करने के लिए लड़ाई लड़ी', दिल्ली की हार पर इंडिया ब्लॉक में फूट

- आम आदमी पार्टी को भारी हार का सामना करना पड़ा और उसे सिर्फ 22 सीटें मिलीं। इस बीच, कांग्रेस का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उसे दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार कोई सीट नहीं मिली।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई। उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों, आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच दरार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत में योगदान दिया। सेना यूबीटी पार्टी के मुखपत्र 'सामना' के एक संपादकीय में पूछा गया कि विपक्षी गठबंधन की जरूरत क्यों है, जब उनके घटक भगवा पार्टी के खिलाफ लड़ने के बजाय एक-दूसरे से लड़ते रहते हैं। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए चुनावी मुकाबले में भाजपा ने 48 सीटें हासिल कर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को राजधानी की सत्ता से बाहर कर दिया।आम आदमी पार्टी को भारी हार का सामना करना पड़ा और उसे सिर्फ 22 सीटें मिलीं। इस बीच, कांग्रेस का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उसे दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार कोई सीट नहीं मिली। सामना के संपादकीय में कहा गया है, "दिल्ली में आप और कांग्रेस दोनों ने एक-दूसरे को नष्ट करने के लिए लड़ाई लड़ी, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए चीजें आसान हो गईं। अगर यही चलता रहा तो फिर गठबंधन ही क्यों करें ? बस जी भर कर लड़ो !दिल्ली चुनाव के प्रचार के दौरान आप और कांग्रेस दोनों ने एक-दूसरे पर कई आक्षेप लगाए। इसमें कहा गया है कि विपक्षी दलों के बीच इसी तरह के झटके महाराष्ट्र में भी निराशा लेकर आए, जहां भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की। मराठी दैनिक ने आगे दावा किया कि अगर विपक्षी दल दिल्ली चुनाव परिणामों से सीखने में विफल रहे, तो यह केवल मोदी और शाह के तहत निरंकुश शासन को मजबूत करेगा।

# माफी मांगने के बाद भी कम नहीं हो रहीं रणवीर इलाहबादिया की मुश्किलें

सॉरी बोलने के बात भी रणवीर अल्लाहबादिया के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एनएचआरसी के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने यूट्यूब की सार्वजनिक नीति प्रमुख मीरा चैट को पत्र लिखकर श्यूट्यूब से संबंधित प्रकरण/वीडियो को हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः लोकप्रिय यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया ने यूट्यूब कॉमेडी शो इंडियाज गॉट लेटेंट पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए सोमवार को माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मुझे वह नहीं कहना चाहिए था जो मैंने भारत के बारे में कहा था। मुझे खेद है। उन्होंने कहा कि मेरा कमेंट अनुचित था। फनी भी नहीं था। कॉमेडी मेरी विशेषता नहीं है। मैं यहां सिर्फ सॉरी कहने के लिए आया हूं। आप में से कई लोगों ने पूछा है कि क्या मैं अपने प्लेटफॉर्म का उपयोग इसी तरह करना चाहता हूँ। जाहिर तौर पर मैं इसका उपयोग इस तरह नहीं करना चाहता। हालांकि, सॉरी बोलने के बात भी रणवीर अल्लाहबादिया के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एनएचआरसी के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने यूट्यूब की सार्वजनिक नीति प्रमुख मीरा चैट को पत्र लिखकर श्यूट्यूब से संबंधित प्रकरण/वीडियो को हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# मुंबई के कोस्टल रोड पर एक्सिडेंट से पहली मौत, डिवाइडर से टकराकर तीन बार पलटी कार, युवक पर रैश ड्राइविंग का केस

मुंबई : नवनिर्मित मुंबई के कोस्टल रोड पर शनिवार की रात एक स्विफ्ट डिजायर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस कार में सवार लड़के-लड़की को ब्रीच कैंडी अस्पताल में ऐडमिट कराया गया था। इस हादसे में कार चला रहे संयम साकला (22) का उपचार चल रहा है, वहीं उसकी मित्र गार्गी चाटे की मौत हो गई है। संयम साकला दादर पूर्व में रहते हैं। उनकी दोस्त गार्गी नासिक की रहने वाली थी।गार्गी जयहिंद कॉलेज में फर्स्ट ईयर में पढ़ाई कर रही थी। शनिवार को संयम रात के वक्त जब गार्गी को वर्ली की तरफ से साउथ मुंबई छोड़ने जा रहा था

मध्य रेल
भुसावल मंडल
विभिन्न विद्युतीकरण कार्य
1) कार्य का विवरणः भाग ए- निफाड स्टेशन पर 1.0 लाख लीटर क्षमता वाले आरसीसी एचएस टैंक द्वारा पुराने स्टील ओएच टैंक के प्रतिस्थापन के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। भाग बी- मलकापुर में जल आपूर्ति प्रणाली की तत्काल मरम्मत के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। 2) अनुमानित लागतः ₹ 22,30,175/-. 3) ऑनलाईन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक और समयः 25/02/2025 को 15.00 बजे। 4) वेबसाइट विवरणः https://www.ireps.gov.in
ई-निविदा सं.: BSL-L-W-T-08-2025
Sai/BSL/01
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

पश्चिम रेलवे
पी-वे सामग्री का परिवहन
उप मुख्य अभियंता (गति शक्ति/आरएससपी), पश्चिम रेलवे, 3री मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा ई-निविदा सूचना क्र. जीएसयू-एमएमसीटी-2024-25-ईएनजीजी-03, दिनांक : 06.02.2025 आमंत्रित की जाती है. कार्य एवं स्थान : पश्चिम रेलवे के विभिन्न डिपो से जोगेश्वरी (एटी) कोचिंग टर्मिनल तक पी-वे सामग्री का परिवहन. कार्य की अनुमानित लागत : रु. 21,71,449.22/-, ईएमडी : रु. 43,400.00/-, जमा करने की तिथि एवं समय : 03.03.2025 को 15.00 बजे तक, खुलने की तिथि एवं समय : 03.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. टिप्पणी : मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. 1053
Like us on: facebook.com/WesternRly

# मेरे पिता के इतने समर्थक हैं कि उनसे नई पार्टी बन सकती है, पंकजा मुंडे के बयान पर छिड़ी बहस

- नाशिक के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सरकार में पर्यावरण मंत्री और दिवंगत बीजेपी नेता गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे ने कहा कि उनके पिता के समर्थकों के पास इतनी प्रभावी संख्या और ताकत है कि वे एक अलग राजनीतिक दल बना सकती हैं।

## छगन भुजबल ने पंकजा मुंडे के बयान पर प्रतिक्रिया दी

- पंकजा ने कहा, गोपीनाथ मुंडे के समर्थकों की ताकत है
- पंकजा की सफाई, बीजेपी से जुड़े हैं गोपीनाथ के चाहने वाले




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः नाशिक के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सरकार में पर्यावरण मंत्री और दिवंगत बीजेपी नेता गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे ने कहा कि उनके पिता के समर्थकों के पास इतनी प्रभावी संख्या और ताकत है कि वे एक अलग राजनीतिक दल बना सकते हैं। उनके बयान से बीजेपी में बहस छिड़ गई जिसके बाद पंकजा ने सफाई दी कि भले ही आप उनके बयान की अपनी इच्छानुसार व्याख्या करने का प्रयास करें, लेकिन इसका कोई मतलब नहीं होगा।

### पंकजा मुंडे ने क्या कहा?

नाशिक में स्वामी समर्थ केंद्र कैबिनेट मंत्री पंकजा मुंडे ने कहा कि जो लोग गोपीनाथ मुंडे से प्यार करते हैं, वे गोपीनाथ मुंडे की बेटी होने के नाते मुझसे जुड़े हुए हैं। लोग गुणों की विरासत स्वीकार करते हैं। वे गुणों से प्रेम करते हैं, लेकिन गोपीनाथ मुंडे को चाहने वालों की पार्टी खड़ी है। पंकजा ने कहा था कि गोपीनाथ मुंडे ने बीजेपी के जन्म से ही पार्टी के लिए काम किया और इसे खड़ा किया।

छगन भुजबल ने क्या कहा?

पंकजा के बयान पर अजित पवार की पार्टी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने कहा कि कोई भी अलग पार्टी बना सकता है। मेरा मानना है कि किसी एक समुदाय की पार्टी बनाकर वह कितनी सफल होगी, इसकी जानकारी नहीं है। भुजबल ने कहा कि उन्होंने जो कहा उसका मतलब यह है कि लोगों का एक बड़ा वर्ग है जो दिवंगत गोपीनाथ मुंडे का सम्मान करता है।

### पंकजा मुंडे की आई सफाई

मामले तूल पकड़ने पर पंकजा ने सफाई देते हुए कहा कि नासिक में एक गिरासे नाम के डॉक्टर हैं।

मुझसे पहले उन्होंने सभा को संबोधित किया था। गिरासे ने कहा कि वे गोपीनाथ मुंडे से बहुत प्यार करते हैं। हम उनसे अक्सर मिलते थे। पंकजा ताई क्या आप जानती हैं कि गोपीनाथ मुंडे को चाहने वालों की संख्या गिनने पर एक पार्टी बन जाएगी। उनके बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मैंने कहा कि हां, पार्टी बन गई है। जो लोग उन्हें (गोपीनाथ मुंडे को) प्यार करते हैं, वे भी इस पार्टी (बीजेपी) से जुड़े हुए हैं।

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका
निर्माण विभाग, प्रभाग समिति क्र. 1
ई-निविदा सूचना क्रमांक 149 वर्ष 2024-25
सामान्य निधि अंतर्गत वर्ष 2024-25
भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका के निर्माण विभाग की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निविदा प्रपत्र दिनांक 11.02.2025 से 25.02.2025 तक बिक्री के लिए उपलब्ध है.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित रकम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रभाग समिति क्र. 1 के कार्यक्षेत्र में वार्ड क्र. 2 बारक्या कम्पाउंड नदीनाका स्कूल क्र. 66 के पीछे की ओर जर्जर शौचालयों की मरम्मत करना | 4,99,309/- | 2360/- |

उपरोक्त ऑनलाइन निविदाएं 25/02/2025 तक दोपहर 4:00 बजे तक स्वीकार की जाएंगी. निविदा का उद्घाटन 27/02/2025 को शाम 4:01 बजे या कार्यालयीन सुविधा के अनुसार निविदा समिति के समक्ष किया जाएगा.
अधिक जानकारी के लिए महानगरपालिका की वेबसाइट mahatenders.gov.in पर जाएं या नवीन शासकीय इमारत की 5वीं मंजिल पर स्थित निर्माण विभाग कार्यालय से संपर्क करें.
हस्ता./-
(जमिल पटेल)
शहर अभियंता
भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका
जा.क्र./ज.सं.वि.१३८
दि. १०/०२/२०२५

# विद्यार्थी अपनी मेहनत व ईमानदार प्रयासों से सफलता अर्जित करें - एकनाथ शिंदे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के 100 दिवसीय कार्य योजना कार्यक्रम के तहत शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे के मार्गदर्शन में 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा नकल मुक्त, भय मुक्त और निष्पक्ष माहौल में सुचारू रूप से आयोजित करने की अपील उपमुख्यमंत्री और ठाणे जिले के संरक्षक मंत्री एकनाथ शिंदे की है ।उपमुख्यमंत्री शिंदे ने छात्रों से अपनी अपील में कहा है कि शिक्षा आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए सबसे बड़ा आधार है। आगामी परीक्षाओं के दौरान आप दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास एवं ईमानदारी के साथ परीक्षा दें, इसके लिए जिला प्रशासन आपके साथ है। भयमुक्त, नकलविहीन परीक्षा की अवधारणा को मजबूत करने के लिए हम सभी को पहल करनी चाहिए। शिक्षा केवल अंकों के लिए नहीं है, यह आपके ज्ञान को बढ़ाने और आपके जीवन का निर्माण करने का एक उपकरण है। समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरा सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे अपनी मेहनत पर विश्वास रखें और सच्चे प्रयासों से सफलता प्राप्त करें। माता-पिता और शिक्षकों को छात्रों का मार्गदर्शन और मानसिक रूप से तैयार करना चाहिए ताकि उन्हें सकारात्मक माहौल मिले और उनका आत्मविश्वास बढ़े ।उन्होंने आगे कहा है कि आगामी परीक्षा अवधि में नकलमुक्त परीक्षा सुनिश्चित कराने हेतु जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों को भयमुक्त एवं नकलमुक्त बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रदेश में परीक्षाओं की तर्ज पर नकल की समस्या को पूरी तरह से रोकने और विद्यार्थियों को नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा प्रक्रिया प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न उपाय किये जा रहे हैं। महाराष्ट्र की पहचान कायम करने के लिए आइए हम सभी ईमानदारी और निष्पक्ष तरीके से शिक्षा को आगे बढ़ाएं।

# स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत 'छत्रपति शिवाजी महाराज पर्यटन सर्किट' के संचालन की श्रीकांत शिंदे की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,लोकसभा सांसद में शिवसेना समूह के नेता डॉ. श्रीकांत शिंदे ने केंद्र सरकार से स्वदेश दर्शन योजना के तहत 'छत्रपति शिवाजी महाराज पर्यटन सर्किट' विकसित करने की मांग की है। प्रदेश में पर्यटन की दृष्टि से उन्होंने आज लोकसभा में किलों को लेकर सवाल उठाया। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार इस अवधारणा पर विचार करेगी ।सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे ने राज्य में पर्यटन को लेकर सवाल उठाया कि स्वदेश दर्शन योजना के तहत महाराष्ट्र में तटीय सर्किट और आध्यात्मिक सर्किट को केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा समर्थित किया गया है। इसी तर्ज पर स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत छत्रपति शिवाजी महाराज पर्यटन सर्किट की संकल्पना सांसद डॉ. शिंदे ने लोकसभा में पेश किया। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े रायगढ़, राजगढ़, सिंहगढ़, शिवनेरी जैसे कई ऐतिहासिक किले हैं। ये किले न सिर्फ इतिहास के लिहाज से बल्कि पर्यटन के क्षेत्र में भी काफी महत्व रखते हैं। जिस प्रकार स्वदेश दर्शन योजना के माध्यम से पर्यटन सर्किट विकसित किए जा रहे हैं, उसी प्रकार छत्रपति शिवाजी महाराज से संबंधित इन सभी ऐतिहासिक स्थानों को जोड़कर छत्रपति शिवाजी महाराज पर्यटन सर्किट विकसित किया जाना चाहिए। यहां अत्याधुनिक बुनियादी सुविधाओं के विकास से पर्यटकों को बेहतरीन अनुभव मिलेगा। इससे आने वाली पीढ़ियां छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास को जान सकेंगी। महाराष्ट्र को स्वदेश दर्शन योजना के तहत तटीय सर्किट और आध्यात्मिक सर्किट का समर्थन करने के लिए सांसद डॉ. शिंदे ने केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया। इस पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आश्वासन दिया कि सरकार इस अवधारणा पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार देश की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में, सरकार ने पुणे में शिवसृष्टि ऐतिहासिक थीम पार्क को मंजूरी दी। इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने 50 करोड़ रुपये और केंद्र सरकार ने 76 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। सिंधुदुर्ग किले में अंडरवाटर म्यूजियम के लिए 46 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि भारत का नौसैनिक ध्वज छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरित है। सरकार ने विश्व धरोहर समिति को महाराष्ट्र, तमिलनाडु में किलों की एक समेकित सूची सौंपी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में किलों में पर्यटन में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सिंधुदुर्ग जिले के लिए 122 करोड़, छत्रपति संभाजी नगर में ऐतिहासिक पर्यटन क्षेत्रों को विश्व स्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए 132 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। छत्रपति संभाजी नगर में हेरिटेज कॉरिडोर के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए 132 करोड़ का मास्टर प्लान, कोयना नगर उद्यान विकास और कोयना बैकवाटर विकास प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं, इसे कब मंजूरी दी जाएगी, सांसद डॉ. शिंदे के उक्त सवालों का मंत्री शेखावत ने जवाब दिया कि पर्यटन को लेकर मिले प्रस्तावों को जल्द मंजूरी दी जाएगी।

फास्ट ट्रैक

# जिलाधिकारी कार्यालय में एक छत के नीचे सरकार की विभिन्न सेवाएँ प्रदान करने का शुभारंभ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , सामान्य प्रशासन विभाग के शासन निर्णय 13 जनवरी 2025 के अनुसार क्षेत्रीय शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों के लिए 100 दिवस की 7 सूत्रीय कार्ययोजना दी गई है। इसमें कहा गया है कि नागरिकों के दैनिक जीवन को आसान बनाने हेतु सततप्रयास किये जायें ।जिसके अनुसार नागरिकों को एक ही छत के नीचे आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने के लिए 9 फरवरी, 2025 से विभिन्न सेवाएँ शुरू की गईं। इस अभियान के तहत नागरिक सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं और प्रमाणपत्रों के लिए एक ही स्थान पर आवेदन कर प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकेंगे। ये सभी सेवाएं नागरिकों को सरकार द्वारा अनुमोदित आधार केंद्रों, सामान्य सेवा केंद्रों, सरकार सेवा केंद्रों पर उपलब्ध होंगी। जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, अपर जिलाधिकारी मनीषा जायभाये-धुले, उपजिलाधिकारी (सामान्य प्रशासन) हरिश्चंद्र पाटील, तहसीलदार संदीप थोरात ने अपील की है कि जिले के जरूरतमंद लोगों को इस सेवा का लाभ उठाना चाहिए।

# प्रहार जनशक्ति पार्टी प्रमुख बच्चू कडु ने गैबन शाह वली दरगाह अंबरनाथ में हाजिरी दी।

## अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अंबरनाथ पश्चिम स्थित प्रसिद्ध गैबन शाह वली दरगाह में प्रहार जनशक्ति पार्टी प्रमुख और अमरावती जिले की अचलपुर विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक बनने वाले महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री बच्चू कडु ने रविवार दोपहर को दरगाह में हाजिरी दी उनके साथ पार्टी के अंबरनाथ शहर अध्यक्ष आलम खान भी साथ रहे ।इस अवसर पर बच्चू कडु को अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के ट्रस्टी आरिफ काजी,पूर्व नगरसेवक बिस्मिल्लाह शेख, एडवोकेट साबिर चौधरी, मकबूल खान, चांद शेख आदि ने शॉल उढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत सत्कार किया। सभी ने दरगाह में दुआ-ए-अकीदत भी पेश की।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती से मारपीट

## आरोपी ने घर में घुसकर वारदात को दिया अंजाम, शिकायत करने जा रहे परिवार पर भी किया हमला

शाहजहांपुर, चौक कोतवाली क्षेत्र में एक घटना सामने आई है। एक युवक ने घर में अकेली युवती के साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। घटना 5 फरवरी को उस समय हुई, जब पीड़िता का परिवार किसी काम से बाहर गया हुआ था। आरोपी युवक ने पीड़िता के घर में घुसकर छेड़छाड़ शुरू की। जब युवती ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए। जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। मामला यहीं नहीं रुका। जब पीड़िता के परिजन घर लौटे और उन्हें घटना की जानकारी मिली

# जिले के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों की बैठक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पालघर , जिले में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं को हल करने के लिए, कोंकण स्नातक विधान परिषद क्षेत्र के विधायक एड निरंजन डावखरे की पहल पर सोमवार (10 तारीख) को पालघर जिला परिषद हुतात्मा समिति हॉल में जिले के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पालघर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे, मुख्य लेखा और वित्त अधिकारी धनराज पांडे, पालघर जिला परिषद के अध्यक्ष प्रकाश निकम, उपाध्यक्ष पंकज कोरे, कृषि और पशुपालन के अध्यक्ष संदीप पावड़े, माध्यमिक शिक्षा अधिकारी संगीता भागवत, प्राथमिक शिक्षा अधिकारी सोनाली माटेकर, शेष राव बड़े, वेतन इकाई अधीक्षक नरेश पाटिल, जिला संस्था प्रबंधक, प्राचार्य, विभिन्न शिक्षक संघों के पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थित थे। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान करते हुए विधायक एड निरंजन डावखरे ने कहा कि जिला स्तरीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के लंबित प्रकरणों का संबंधित अधिकारी द्वारा शीघ्र निस्तारण किया जाए। साथ ही, सरकार के विभिन्न प्रशिक्षणों का लाभ केवल सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों को ही मिल रहा है और हम वैधानिक आधार पर शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए अलग से खर्च करने को तैयार हैं। साथ ही उन्होंने विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से विद्यार्थियों की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रयास करने की अपील की। साथ ही इस मौके पर उन्होंने आगामी सत्र में नीतिगत मुद्दों को सुलझाने का वादा किया। इस अवसर पर पालघर जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम ने कहा कि हम पालघर जिले की विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए हमें विधायक निरंजन डावखरे का समर्थन मिल रहा है।

इस बैठक में पालघर जिला लेखा परीक्षक कार्यालय की स्थापना, जिले में स्कूलों का तत्काल रोस्टर निरीक्षण, अनुदानित आश्रम स्कूल कला शिक्षकों की नियुक्ति, अनुदानित स्कूल शिक्षक भर्ती, शिक्षक-गैर शिक्षक समायोजन, प्राथमिक प्रधानाध्यापक के रिक्त पदों को तुरंत भरा जाना, अस्थायी गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती, भविष्य निधि प्राप्तियां, 235 वरिष्ठ और 691 चयन श्रेणी के प्राथमिक शिक्षकों के लंबित मामलों का निपटारा करना, स्कूल पोषण, शिक्षक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण के संबंध में चर्चा की गई। कक्षा 10/12 की बोर्ड परीक्षा अवधि के अलावा आयोजित होने वाली परीक्षा में जिले में लंबित चिकित्सा बिलों का निपटान और कुछ व्यक्तिगत प्रश्न शिक्षकों द्वारा उठाए गए थे।

# खिदमत-ए-उम्मत कमिटी ने इज्तिमाई शादी कार्यक्रम के द्वारा 14 जोड़ो की शादी करवाई

- कमिटी ने अब तक 102 जोड़ों की शादी करवाई, दहेज और खाने का माकूल इंतेजाम किया गया।
- कार्यक्रम हजरत गैबन शाह वली दरगाह परिसर में आयोजित किया गया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. इज्तिमाई शादी समारोह एक ऐसी खूबसूरत रवायत है जो समाज में शादी जैसे अहम अहकाम को आसान बनाते हुए लोगों में मुहब्बत,एकता और आपसी मदद का पैगाम देती। खिदमत-ए-उम्मत कमिटी द्वारा किए गए इज्तिमाई शादी कार्यक्रम के आयोजकों समीर शेख और जफर लाला ने बताया कि अंबरनाथ की मुस्लिम अल्पसंख्यक समाज की खिदमत-ए-उम्मत कमिटी ने पांचवीं बार सालाना इज्तिमाई शादी प्रोग्राम शनिवार 8 फरवरी को अंबरनाथ पश्चिम स्थित हजरत गैबन शाह वली दरगाह के ईदगाह मैदान में अजीमुश्शान तरीके से अंजाम दिया है। खिदमत-ए -उम्मत कमिटी ने इस बार 14 जोड़ो की शादी करवाई है,इस तरह कमिटी ने अब तक 102 लोगों की इज्तिमाई शादी प्रोग्राम करके मुस्लिम समाज के लिए बेहतरीन काम को अंजाम दिया है। दूल्हा दुल्हन और प्रोग्राम में आए हुए लोगों के लिए कमिटी की तरफ से खाने का माकूल इंतेजाम किया गया ।कमिटी की तरफ से ही दूल्हा दुल्हन को दहेज के तौर पर घरों में इस्तेमाल होने वाले सामानों जैसे अलमारी,मिक्सर,कुकर, बैड,कपड़े आदि सामान भी दिया गया। दूल्हा दुल्हन की तरफ से किसी भी प्रकार से पैसा नहीं लिया गया पूरा खर्चा कमिटी की तरफ से किया गया। इस कार्यक्रम में अंबरनाथ नगरपालिका के पूर्व नगरसेवक राजेंद्र वालेकर,प्रदीप कराडे,अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के ट्रस्टी आरिफ काजी,पूर्व नगरसेवक और ट्रस्टी बिस्मिल्लाह शेख के साथ शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे

खिदमत-ए-उम्मत कमिटी के सदस्यों जलालुद्दीन शेख,समीर शेख,नदीम शेख,जफर लाला,शब्बीर शेख,कमरुद्दीन शेख,बिलाल शेख,मखदूम शेख,नईम शेख आदि ने सक्रिय रूप से कार्य करके इज्तिमाई शादी प्रोग्राम को कामयाब बनाया। आयोजकों द्वारा इतने शानदार ढंग से इज्तिमाई शादी प्रोग्राम को अंजाम दिया गया कि आए हुए मेहमानों,दूल्हा दुल्हन के परिवारवालों,शहर के गणमान्य लोगों आदि ने खुले दिल से कमिटी के लोगों की तारीफ की। खिदमत ए उम्मत कमिटी ने अंबरनाथ की आवाम को यकीन दिलाया है कि आगे भी ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित किया जाता रहेगा।

# क्रेडाई-एमसीएचआई' की प्रदर्शनी में 214 मकान बिके, 745 करोड़ के ऋण प्रस्ताव आए : जितेंद्र मेहता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , क्रेडाई-एमसीएचआई, ठाणे की ओर से आयोजित प्रापर्टी प्रदर्शनी 2025 में 29 हजार 163 नागरिकों ने प्रदर्शनी का दौरा किया। जहां 214 ग्राहकों ने घर खरीदे हैं, वहीं 745 करोड़ रुपये के होम लोन प्रस्ताव बैंकों और वित्तीय संस्थानों को सौंपे गए हैं। क्रेडाई-एमसीएचआई की प्यारी बहन योजना में भी कई महिलाओं ने रुचि दिखाई। क्रेडाई-एमसीएचआई, ठाणे के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने खुशी व्यक्त की कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से ठाणेकरों को उनके सपनों का घर मिल सका ।ठाणे के हाईलैंड गार्डन के मैदान में 7 फरवरी से चार दिनों के लिए एक संपत्ति प्रदर्शनी आयोजित की गई थी। इस प्रदर्शनी में ठाणे शहर और आसपास के 40 से अधिक प्रसिद्ध डेवलपर्स, 10 से अधिक राष्ट्रीयकृत बैंकों और रियल एस्टेट से संबंधित संगठनों के साथ-साथ गृह वित्त संस्थानों को प्रस्तुत किया गया था। इस प्रदर्शनी को पहले दिन से ही नागरिकों का प्रतिसाद मिला। विभिन्न साइज के घर लगभग 30 लाख रुपये से लेकर 3 करोड़ रुपये तक उपलब्ध थे। घर खरीदने के इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा इसे खूब सराहा गया। अध्यक्ष जीतेन्द्र मेहता ने बताया कि मकान खरीदने के इच्छुक सैकड़ों नागरिकों को इस प्रदर्शनी के माध्यम से मकानों के बारे में जानकारी मिली है और वे जल्द ही मकान का चयन करेंगे। मेहता ने कहा, जो नागरिक प्रदर्शनी देखने नहीं जा सके, वे अगले 3 महीनों तक क्रेडाई-एमसीएचआई वेबसाइट पर प्रदर्शनी देख सकेंगे। प्रदर्शनी समिति 'क्रेडाई-एमसीएचआई' के सभी पदाधिकारियों ने इस प्रदर्शनी की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की। घर और कार्यालय स्थान के बारे में जानकारी देने के अलावा, इस प्रदर्शनी में ठाणे शहर में सर्वश्रेष्ठ हाउसिंग सोसायटी, रियल एस्टेट सदस्यों के लिए कार्यशालाएं, महारेरा अधिनियम और कानून के प्रावधानों पर सेमिनार भी आयोजित किए गए। इस प्रदर्शनी की सफलता के कारण, यह स्पष्ट हो गया कि नागरिक ठाणे के सांस्कृतिक और सुरक्षित शहर में विशिष्ट परियोजनाओं और विकास कार्यों को पसंद करते हैं, जो मुंबई महानगरीय क्षेत्र में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। श्री ने कहा, नागरिकों ने ठाणे में अच्छी जीवनशैली का आनंद लिया। मेहता ने कहा. 'क्रेडाई-एमसीएचआई' प्रदर्शनी एक बार फिर ठाणे शहर और उसके आसपास घर खरीदारों के लिए एक विश्वसनीय मंच साबित हुई। पिछले 22 वर्षों से हम अपने ग्राहकों का विश्वास जीतने में सफल रहे हैं। क्रेडाई-एमसीएचआई, ठाणे के पूर्व अध्यक्ष अजय अशर ने कहा कि हम भविष्य में ठाणे के विकास के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों पर भी योगदान देंगे। संपत्ति प्रदर्शनी समिति के अध्यक्ष संदीप माहेश्वरी ने कहा कि ठाणे में रियल एस्टेट क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और इस प्रदर्शनी के माध्यम से हजारों ग्राहकों तक पहुंचा जा सकता है। प्रदर्शनी में कई अनूठी, बेहतरीन जीवनशैली और किफायती परियोजनाएं प्रदर्शित की गईं। सचिव मनीष खंडेलवाल ने प्रदर्शनी में न आने वाले ग्राहकों से वेबसाइट www.credaimchi.comपर प्रदर्शनी देखने की अपील की है। संपत्ति प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डेवलपर्स और बैंकों को आज सम्मानित किया गया। अध्यक्ष जीतेंद्र मेहता, भावेश गांधी, फैयाज मिरानी, मंथन मेहता ने पुरस्कार देकर विजेताओं को सम्मानित किया। इस वर्ष रुस्तमजी ग्रुप को 'मोस्ट इनोवेटिव बैंड कम्युनिकेटर ऑफ द ईयर', एल अपाह टी रियलिटी को बेस डेब्यू स्टॉल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र को बेस एचएफसी स्ट्रोल और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को दूसरा पुरस्कार दिया गया। गृहम हाउसिंग फाइनेंस को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता जागरूकता पहल के लिए सम्मानित किया गया, जबकि नारंग रियल्टी और कोर्टयार्ड रियल एस्टेट को सर्वश्रेष्ठ सूचनात्मक स्टॉल का पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ डिजाइन स्टॉल का प्रथम पुरस्कार विहंग ग्रुप को तथा द्वितीय पुरस्कार एकतास ग्रुप को मिला।

# पति से विवाद में महिला ने दी जान

- चप्पल पहनाने को लेकर हुआ था झगड़ा, कमरे में लगाई फांसी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, 27 वर्षीय महिला ने कथित पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जलालाबाद थाना क्षेत्र के तिकोला गांव में हुई इस घटना में मृतका सविता अपने पति अमित और दो बच्चों के साथ एक फरवरी को दिल्ली से घर लौटी थी। पति ने बताया कि दो फरवरी को बच्चों को चप्पल पहनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। सविता चाहती थी कि बच्चे को चप्पल पहनाई जाए, जिस पर पति ने मना कर दिया। इस विवाद के बाद से सविता ने रजाई, बिस्तर और बेड का इस्तेमाल करने से मना कर दिया था, यह कहते हुए कि ये सब उसके दहेज की चीजें हैं। जब पति अमित बड़े बेटे के साथ बरामदे में लेटे थे और सविता छोटे बेटे के साथ कमरे में थी, अचानक बच्चे के रोने की आवाज सुनकर अमित कमरे में गए। वहां उन्हें सविता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# तिलहर में जच्चा-बच्चा की मौत के बाद प्रशासन की कार्रवाई

## परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाया आरोप, नर्सिंग होम सील

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




तिलहर,नगर में एक गंभीर मामला सामने आया है। मोहल्ला बहादुरगंज स्थित राधा रानी प्राइवेट नर्सिंग होम में एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उमेंद्र राठौर ने अपनी टीम के साथ नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अस्पताल में कई गंभीर खामियां पाई गईं। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि जांच में पाई गई खामियों के आधार पर अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार मनु माथुर और स्थानीय लेखपाल अतुल चौधरी भी मौजूद रहे। यह कार्रवाई स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विभाग द्वारा की गई यह कार्रवाई अन्य निजी अस्पतालों के लिए भी एक सख्त संदेश है कि मानकों का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी, दो बेटियों और ससुर पर युवक ने किया हमला

## बोला- ससुराल लेने आया था, उसने गाली-गलौज की तो गुस्सा आ गया


भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने अपनी पत्नी, दो बेटियों और ससुर पर चाकू-कैंची से हमला कर दिया और घर में आग लगा दी। आरोपी विक्रम सिंह फरुर्खाबाद के थाना कादरीगेट क्षेत्र का रहने वाला है। जब विक्रम अपनी पत्नी शालू को लेने उसके मायके शाहजहांपुर पहुंचा। पत्नी पिछले 15 दिनों से अपनी दो बेटियों के साथ मायके में रह रही थी। विक्रम पहले भी पत्नी के साथ मारपीट करता था। जिसके कारण वह मायके आई थी। जब विक्रम पत्नी को वापस ले जाने के लिए कहने लगा और उसने मना कर दिया, तो दोनों में विवाद हो गया।



गुस्से में आकर विक्रम ने किचन से चाकू और कैंची उठाई। पत्नी व बेटियों पर हमला कर दिया। जब ससुर ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उन पर भी हमला कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपी ने घर में आग भी लगा दी। जिसमें किराए पर रहने वाली एक महिला कांस्टेबल का लाखों रुपये का सामान जल गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की। आरोपी को शालीमार गार्डन मैरिज लॉन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# सर्राफा दुकान की ऊपरी मंजिल में लगी आग



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, चौक कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक सरार्फा दुकान की ऊपरी मंजिल में सोमवार दोपहर को अचानक आग लग गई। दुकान से निकलते धुएं को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत दुकान के कर्मचारियों को सूचित किया। थाना बदर बाजार के निवासी अनिल की यह दुकान चौक मोहल्ले में स्थित है। जहां ग्राउंड फ्लोर पर सरार्फा का काम होता है। ऊपरी मंजिल पर सोने की टेस्टिंग की जाती है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आसपास के क्षेत्र में यातायात रोक दिया और दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। चौक कोतवाली प्रभारी राजीव तोमर ने स्थिति को नियंत्रण में बताया।


भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्यन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पी एम मोदी फ्रांस और अमेरिका दौरे पर रवाना

## बोले- ट्रम्प से मिलने के लिए उत्साहित; साझेदारी को बढ़ावा देना एजेंडे में शामिल

एजेंसी

पेरिस/नई दिल्ली, प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर रवाना हो गए हैं। पी एम का यह दौरा 10 से 14 फरवरी तक है। वे आज और कल फ्रांस के दौरे पर रहेंगे। इसके बाद 12 और 13 फरवरी को अमेरिका दौरे पर रहेंगे।इस यात्रा को लेकर पीएम ने बताया कि वह फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का मार्सिले शहर में उद्घाटन करेंगे और इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर परियोजना का दौरा करेंगे। इसके साथ ही वो पहले और दूसरे वर्ल्ड वॉर के दौरान मारे गए भारतीय सैनिकों को मजारग्यूज युद्ध समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि देंगे। उन्होंने अपनी यात्रा को भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया। पी एम ने कहा कि अमेरिका दौरे पर दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना एजेंडे में शामिल होगा। वे आज शाम फ्रांस पहुंचेंगे। यह उनका आठवां फ्रांस दौरा है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद वे पहली बार



फ्रांस जा रहे हैं। पी एम आखिरी बार 2023 में फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस (बास्तिल डे) कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। प्रधानमंत्री के सम्मान में फ्रांस सरकार ने 10 फरवरी को मशहूर एलिसी पैलेस में वीवीआईपी डिनर का आयोजन किया है। इसमें फ्रेंच प्रेसिडेंट मैक्रों समेत कुछ और देशों के नेता मौजूद होंगे। 11 फरवरी को पी एम पेरिस के ग्रैंड पैलेस में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्शन समिट 2025 की सह अध्यक्षता करेंगे। यह समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में आयोजित हुई थी। समिट में एआई के जिम्मेदारी से इस्तेमाल पर चर्चा होगी, ताकि यह लोगों की भलाई के काम आए और इसके खतरे नियंत्रित रहें। इस दौरान ग्लोबल पॉलिटिक्स पर भी बात हो सकती है। पीएम मोदी फ्रांस के उद्योगपतियों से मुलाकात कर सकते हैं। एआई एक्शन समिट में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और चीनी उप प्रधानमंत्री भी शिरकत करेंगे। रॉयटर्स के मुताबिक इस कार्यक्रम में ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन भी शामिल हो सकते हैं। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के बड़े अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। मोदी की इस यात्रा से दोनों देशों के रक्षा संबंधों में मजबूती मिलने की उम्मीद है। दरअसल, इस यात्रा के दौरान भारत और फ्रांस के बीच 26 राफेल मरीन फाइटर जेट और 3 स्कॉर्पीन क्लास सबमरीन की खरीद समेत और कई अहम सौदे को अंतिम रूप दिया जा सकता है। जेएनयू के प्रोफेसर राजन कुमार के मुताबिक भारत को लेकर फ्रांस का स्टैंड दूसरे पश्चिमी देशों से अलग है। अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी मानवाधिकार और लोकतंत्र को लेकर भारत पर सवाल खड़े करते है। इनकी तुलना में फ्रांस, भारत के आंतरिक मामलों में काफी कम दखलंदाजी करता है। ये एक मुख्य वजह है कि भारत का फ्रांस के साथ कभी कोई बड़ा मनमुटाव नहीं रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भारत और फ्रांस की दोस्ती को अटूट बता चुके हैं। यह बात कई बार समय की कसौटी पर खरी भी उतरी है। फ्रांस संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर और आतंकवाद के मुद्दे पर हमेशा से भारत के पक्ष में मजबूती से खड़ा रहा है। 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद कई देशों ने भारत से दूरी बना ली थी तब भारत ने पहला संयुक्त नौसैनिक अभ्यास 'वरुण' फ्रांस के साथ ही किया था। इसका 21वां संस्करण जनवरी 2023 में आयोजित किया गया।

# स्टील और एल्यूमीनियम के आयात पर 25% टैरिफ लगाएंगे ट्रम्प

## सभी देशों पर लागू होगा नया आदेश, आज करेंगे ऐलान

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि देश में स्टील और एल्यूमीनियम के सभी आयातों पर नए टैरिफ लगाए जाएंगे। इसकी आधिकारिक घोषणा आज यानी सोमवार को होगी। ट्रम्प ने 25% टैरिफ लगाने की बात कही है। ट्रम्प ने कहा कि, ट्रम्प के नए टैरिफ सभी देशों पर लागू होंगे। इसके अलावा वे मंगलवार या बुधवार को रेसिप्रोकल टैक्स की घोषणा भी करेंगे। यानी अन्य देश अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर जितना टैरिफ लगाते हैं, अमेरिका भी उनके प्रोडक्ट्स पर उतना ही टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने चुनाव प्रचार के दौरान रेसिप्रोकल ट्रेड एक्ट बनाने की घोषणा की थी। ट्रम्प बोले- कनाडा को अमेरिकी राज्य बनाने पर सीरियस हूं



डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि वो कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने को लेकर सीरियस हैं। फॉक्स न्यूज चैनल के ब्रेट बैयर ने ट्रम्प से सवाल किया था क्या कनाडा को अमेरिकी राज्य बनाने की उनकी मंशा सच है। ट्रम्प ने कनाडा के साथ ट्रेड में होने वाले 200 अरब डॉलर के घाटे को राज्यों को मिलने वाली सब्सिडी जैसा बताया। ट्रम्प इससे पहले भी कई बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कह चुके हैं। ट्रूडो भी बोले- ट्रम्प सीरियस, संसाधनों पर कब्जा चाहते हैं कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शुक्रवार, 7 फरवरी को बिजनेस और लेबर संगठनों के साथ एक बंद कमरे में बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने ट्रम्प की कनाडा को अमेरिका में मिलाने की इच्छा को सीरियस बताया था। अमेरिका कनाडा बॉर्डर को आर्टिफिशियल लाइन बता चुके हैं पिछले महीने 7 जनवरी को फ्लोरिडा में मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि आप (कनाडा) दोनों देशों के बीच खींची गई

# मोदी के अमेरिका पहुंचने से पहले ही रूस ने भारत को दिया होश उड़ाने वाला ऑफर

एजेंसी

रूस ने भारत को एक ऐसा आकर्षक ऑफर दिया है, जिसने कई देशों को हैरान कर दिया है। रूस ने भारत को अपना सबसे लेटेस्ट और खतरनाक एसयू 57 लड़ाकू विमान बेचने का ऑफर दिया है। इस ऑफर को और भी शानदार बनाने के लिए रूस ने कहा है कि वो भारत को एसयू 57 की टेक्नोलॉजी भी दे देगा। एसयू 57 एक पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है जिसकी भारत को सख्त जरूरत है। रूस जानता हैकि चीन फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट बना चुका है और भारत इस रेस में पीछे छूट रहा है। रूस को ये भी अच्छे से पता है कि भारत पर दबाव बनाकर अमेरिका अपना पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान एफ-35 भारत को बेचना चाहता है। कुछ रूसी एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत पर एफ 35 खरीदने का दबाव बनाने के लिए अमेरिका ने भारत के तेजस लड़ाकू विमानों के प्रोडक्शन को लटका दिया है। जानकारी के लिए बता दें कि तेजस फाइटर जेट्स के इंजन अमेरिका से ही आने हैं। लेकिन अमेरिका इसमें देरी कर रहा है। अगर भारत एफ-35 के लिए हां कर देता है तो उसे तेजस का इंजन भी मिल जाएगा। आपको बता दें कि तेजस 4.5 जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। मगर रूस चाहता है कि भारत अमेरिका के दबाव में न आए। हमेशा की तरह रूसी हथियारों पर ही भरोसा करे।

# एक बंदर के कारण अंधेरे में सोई पूरे देश की जनता!

## श्रीलंका में राष्ट्रव्यापी बिजली कटौती, अधिकारियों का छूटा पसीना

एजेंसी

कोलंबोः श्रीलंका में रविवार को पूरे देश में बिजली गुल हो गई, जिससे नागरिक घंटों अंधेरे में रहे और यह सब एक बंदर की वजह से हुआ। ऊर्जा मंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि बंदर की वजह से सिस्टम में असंतुलन पैदा हो गया। पड़ोसी देश में बिजली गुल होने की वजह से भारी नुकसान हुआ और रिपोर्ट के अनुसार, द्वीपीय देश में धीरे-धीरे बिजली बहाल हो रही है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, बिजली गुल होने की वजह से जल उपचार संयंत्र और चिकित्सा सुविधाएं भी प्रभावित हुई हैं और फिलहाल उन्हें प्राथमिकता दी जा रही है। ऊर्जा मंत्री कुमारा जयकोडी ने कहा, एक बंदर हमारे ग्रिड ट्रांसफॉर्मर



के संपर्क में आ गया है, जिससे सिस्टम में असंतुलन पैदा हो गया है। यह घटना कोलंबो के दक्षिण में एक उपनगर में हुई। जबकि कुछ क्षेत्रों में बिजली बहाल कर दी गई है, अधिकारियों को यह निश्चित नहीं है कि बिजली को पूरी तरह से बहाल करने में कितना समय लगेगा। जयकोडी ने कहा, इंजीनियर जल्द से जल्द सेवा बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा मंत्री कुमार जयकोडी ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, एक बंदर हमारे ग्रिड ट्रांसफॉर्मर के संपर्क में आ गया है, जिससे सिस्टम में असंतुलन पैदा हो गया है। कई रिपोर्टों के अनुसार, रविवार को स्थानीय समयानुसार 11:00 बजे बिजली गुल होने की वजह से कई लोगों को जनरेटर का सहारा लेना पड़ा। बीबीसी ने एक समाचार पत्र की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इंजीनियर श्रीलंका की सरकारों को सालों से चेतावनी दे रहे हैं कि वे पावर ग्रिड को अपग्रेड करें अन्यथा उन्हें बार-बार ब्लैकआउट का सामना करना पड़ेगा। बीबीसी के अनुसार, रिपोर्ट में एक वरिष्ठ इंजीनियर के हवाले से कहा गया है, राष्ट्रीय पावर ग्रिड इतनी कमजोर स्थिति में है कि अगर हमारी एक भी लाइन में गड़बड़ी होती है, तो पूरे द्वीप में बार-बार बिजली गुल हो सकती है।

इस बीच, सोशल मीडिया पर उपयोगकर्ताओं ने सवाल उठाया कि क्या यह वास्तव में एक बंदर था जिसने श्रीलंका को अंधेरे में धकेल दिया। एक उपयोगकर्ता ने एक्स पर कहा, एक दुष्ट बंदर ने कोलंबो में एक सबस्टेशन में पूरी तरह से विफलता को ट्रिगर करने के बाद श्रीलंका के पूरे पावर ग्रिड को नष्ट कर दिया। एक अन्य ने उल्लेख किया, एक बंदर = कुल अराजकता। बुनियादी ढांचे पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है? स्थानीय समाचार पत्र डेली मिरर की प्रधान संपादक जमीला हुसैन ने कहा, केवल श्रीलंका में ही पावर स्टेशन के अंदर बंदरों के एक समूह की लड़ाई पूरे द्वीप में बिजली गुल कर सकती है।

# तेजस उड़ाकर आर्मी चीफ ने दिया ऐसा बयान, गदगद हो गए वायुसेना प्रमुख



**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा कि एयरफोर्स चीफ और आर्मी चीफ दोनों एक साथ तेजस में उड़े। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। यह दिखाता है कि आर्ड फोर्सेज को तेजस पर कितना भरोसा है।**

एजेंसी

एयरफोर्स चीफ ए. पी. सिंह और आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने येलहंका एयरफोर्स स्टेशन से एलसीए तेजस में उड़ान भरी। एयरफोर्स चीफ ने तेजस फ्लाई किया और आर्मी चीफ उनके साथ थे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा कि एयरफोर्स चीफ और आर्मी चीफ दोनों एक साथ तेजस में उड़े। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। यह दिखाता है कि आर्ड फोर्सेज को तेजस पर कितना भरोसा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की एयरो स्पेस इंडस्ट्री तेजी से सही दिशा में आगे बढ़ रही है। मिसाइल बनाने में भी भारत की कई सक्सेस स्टोरी है। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय वायुसेना का बहुत आभारी हूं और वायुसेना के पायलट जिस तरह की चुनौतियों को स्वीकार करते हैं उसके लिये मुझे उनकी प्रशंसा करनी चाहिए और इसके लिए हम सभी की ओर से एक महान तालमेलपूर्ण दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है और मुझे यकीन है कि यह एयरो इंडिया-2025 के लिए एक अच्छी शुरूआत है। एलसीए तेजस एक भारतीय लड़ाकू विमान है जिसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) द्वारा डिजाइन किया गया है और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और भारतीय नौसेना के लिए निर्मित किया गया है। डिफेंस सेक्रेटरी (प्रॉडक्शन) संजीव कुमार ने कहा कि एलसीए तेजस की सप्लाई में देरी हुई है, लेकिन अब प्रॉडक्शन लाइन स्थिर हो रही है। हमें भरोसा है कि 2025-26 से तेजस की सप्लाई ओरिजिनल प्लान के हिसाब से हो सकेगी। 2025-26 से हर साल 16-24 तेजस की प्रॉडक्शन कैपिसिटी होगी। हमारे अमेरिका के पार्टनर जोई इंजन की भी सप्लाई लाइन स्टेबलाइज हो जाएगी। उन्होंने कहा, भारत सरकार आत्मनिर्भरता को लेकर प्रतिबद्ध है। हम अपनी एनर्जी और रिसोर्स सिर्फ तेजस में ही नहीं, अटउअ (एडवांस मिडियम कॉम्बेट एयरक्राफ्ट) में भी लगा रहे है। साथ ही गैप भरने के लिए और अपनी ऑर्ड फोर्सेस को ऑपरेशनल रेडी रखने के लिए सभी ऑप्शन पर विचार कर रहे हैं।

# राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया एयरो में भारत, आई डक्स और कर्नाटक मंडपों का किया उद्घाटन

एजेंसी

बेंगलुरु : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत का रक्षा निर्यात इस वर्ष के अंत तक 30000 करोड रुपए के आंकड़े को पार कर जाएगा। श्री सिंह ने सोमवार से यहां येलहांका वायु सेना स्टेशन में शुरू होने वाली 15 वीं एयरो इंडिया रक्षा प्रदर्शनी से पहले रविवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि भारत रक्षा क्षेत्र रोड एयरोस्पेस में तेजी से प्रगति कर रहा है और उसकी रक्षा निर्यातक की छवि धीरे-धीरे रक्षा निर्यातक देश के रूप में बन रही है। उन्होंने कहा कि देश में रक्षा उत्पादन के वर्ष 2025 के अंत तक 1.60 लाख करोड़ पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि देश का रक्षा निर्यात भी इस वर्ष के अंत तक 30000 करोड रुपए के आंकड़े को पार कर जाएगा। रक्षा मंत्री ने एयरो इंडिया को एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा कि यह एक मजबूत, सक्षम, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत के सरकार के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, एयरो इंडिया एक ऐसा मंच है जो नए भारत की ताकत, लचीलेपन और आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित करता है। यह न केवल भारत की रक्षा तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे देश के भविष्य को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमारी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन करेगा और वैश्विक साझेदारी बनाएगा। हमारा लक्ष्य अपने मित्र राष्ट्रों के साथ साझा हित के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना, गहन सहयोग और साझा प्रगति को बढ़ावा देना है।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण और जतन अधिनियम 1975 (24 जनवरी 2021 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (सी) के प्रावधान के अनुसार, परिमंडल – III में के/पूर्व वार्ड से 01 प्रस्ताव और एच/पश्चिम वार्ड से 02 प्रस्ताव अर्थात कुल 03 प्रस्ताव, महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण और जतन अधिनियम 1975 (24 जनवरी 2021 तक संशोधित) की धारा 8 (6) अंतर्गत वृक्षों की कटाई हेतु मनपा आयुक्त /अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण की मंजूरी हेतु प्राप्त हुए हैं.

वृक्षों की कटाई/प्रत्यारोपण की जानकारी बीएमसी वेबसाइट पर उपलब्ध है: www.mcgm.gov.in हमारे बारे में वार्ड/विभाग विभाग मैनुअल उद्यान और वृक्ष प्राधिकरण दस्तावेज वृक्ष अनुमति 21 दिन 357 (के/पूर्व), 358 (एच/पश्चिम), 359 (एच/पश्चिम) – जोन-3.

**उद्यान अधीक्षक और वृक्ष अधिकारी, वृक्ष प्राधिकरण**
**उद्यान अधीक्षक और वृक्ष अधिकारी का कार्यालय**
**2री मंजिल, हम्बोल्ट पेंग्विन बिल्डिंग, वीरमाता जीजाबाई उद्यान एवं प्राणिसंग्रहालय, संत सावता माली मार्ग, भायखला (पू), मुंबई – 400 027**
**दूरभाष क्र. : 23742162**
**ईमेल : dysg.ta@mcgm.gov.in**

**हस्ता./-**

**पीआरओ/2492/विज्ञा./2024-25** **उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी**

जहां-जहां पानी जमता है, वहां -वहां मच्छरों का साम्राज्य पनपता है.



**महाराष्ट्र शासन**

**कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सार्वजनिक निर्माण) विभाग**

**प्रशासकीय इमारत, 1ली मंजिल, भवन्स कॉलेज के पास, दादाभाई रोड, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - 400058**

**ईमेलः northmumbai.ce@mahapwd.com**

**दूरभाष क्रमांकः 022-26231964 फैक्सः 26205788**

**निविदा सूचना क्रमांक 50 वर्ष 2024-2025**

महाराष्ट्र राज्यपाल की ओर से, कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सार्वजनिक निर्माण) विभाग, दादाभाई मार्ग, भवन्स कॉलेज के पास, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - 400058 (दूरभाष/फैक्स क्रमांक - 26231964/26205788) महाराष्ट्र शासन के सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से उचित श्रेणी में पंजीकृत मुंबई जिला और मुंबई उपनगर जिले के शिक्षित बेरोजगार अभियंताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए बी-1 प्रारूप में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. निविदा दस्तावेज दिनांक 10/02/2025 से 24/02/2025 तक कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सार्वजनिक निर्माण) विभाग, मुंबई के कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे. साथ ही, निविदाएं दिनांक 25/02/2025 को दोपहर 17:00 बजे तक स्वीकार की जाएंगी और यदि संभव हुआ तो उसी दिन निविदाएं खोली जाएंगी. निविदा स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सार्वजनिक निर्माण) विभाग, मुंबई के पास सुरक्षित रहेगा.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित रकम |
|---|---|---|
| 1 | वार्षिक देखभाल मरम्मत अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम, अंधेरी (पूर्व) टाइप-1, इमारत क्रमांक 4 में स्थापत्य कार्य करना | रु. 5,96,532/- |
| 2 | वार्षिक देखभाल मरम्मत अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम, अंधेरी (पूर्व) टाइप-2, इमारत क्रमांक 1 और 3 में स्थापत्य कार्य करना | रु. 5,80,602/- |
| 3 | मूलगौण कार्यांतर्गत 6 ब्लॉक, पुलिस वसाहत, सांताक्रूज़ (पश्चिम), मुंबई में ड्रेनेज लाइन की मरम्मत करना | रु. 8,42,725/- |
| 4 | मामूली मरम्मत अंतर्गत वस्तु एवं सेवा कर इमारत, बांद्रा (पूर्व) में अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य संबंधित कार्य करना | रु. 2,84,913/- |
| 5 | मामूली मरम्मत अंतर्गत अन्न एवं औषध प्रशासन कार्यालय में अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य संबंधित कार्य करना | रु. 3,27,728/- |
| 6 | मामूली मरम्मत अंतर्गत शासकीय तंत्रनिकेतन संस्थे के परिसर की मुख्य इमारत, बांद्रा (पूर्व) में अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य संबंधित कार्य करना | रु. 3,03,383/- |
| 7 | मामलूी मरम्मत अंतर्गत लघुवाद न्यायालय, बीकेसी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई में इमारत की अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य मामूली मरम्मत कार्य करना | रु. 3,18,865/- |
| 8 | मामूली मरम्मत अंतर्गत कौटुंबिक न्यायालय, बीकेसी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई में इमारत की अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य मामूली मरम्मत कार्य करना | रु. 3,68,627/- |
| 9 | मामूली मरम्मत अंतर्गत कामगार भवन, बीकेसी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई में इमारत की अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य मामूली मरम्मत कार्य करना | रु. 3,14,652/- |
| 10 | मामूली मरम्मत अंतर्गत अधिदान एवं लेखा अधिकारी कार्यालय, बीकेसी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई में इमारत की अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य मामूली मरम्मत कार्य करना | रु. 3,48,411/- |
| 11 | मामूली मरम्मत अंतर्गत पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, कोले कल्याण, कलिना, सांताक्रूज़ (पूर्व), मुंबई में इमारत की अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य मामूली मरम्मत कार्य करना | रु. 3,31,606/- |
| 12 | मामूली मरम्मत अंतर्गत सार्वजनिक निर्माण उपविभाग, बांद्रा क्रमांक 2, पंप हाउस ज़ोन क्रमांक 5 और समाज मंदिर हॉल, शासकीय वसाहत, बांद्रा (पूर्व), मुंबई में अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य मामूली मरम्मत कार्य करना | रु. 4,22,911/- |
| 13 | मामूली मरम्मत अंतर्गत निर्मल नगर पुलिस स्टेशन, बांद्रा पूर्व तथा न्याय सहाय्यक वैज्ञानिक प्रयोगशाला, महाराष्ट्र शासकीय रासायनिक विश्लेषक, कोले कल्याण, सांताक्रूज़ परिसर में विस्तारित इमारत में अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य संबंधित कार्य करना | रु. 7,74,774/- |
| 14 | मामूली मरम्मत अंतर्गत न्याय सहाय्यक वैज्ञानिक प्रयोगशाला, महाराष्ट्र शासकीय रासायनिक विश्लेषक, कोले कल्याण, सांताक्रूज़, मुंबई की मुख्य इमारत में अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य संबंधित कार्य करना | रु. 2,81,793/- |
| 15 | मामूली मरम्मत अंतर्गत शासकीय तंत्रनिकेतन संस्थान परिसर की कार्यशाला इमारत, सह-संचालक, तकनीकी शिक्षा विभागीय कार्यालय, बांद्रा (पूर्व), साथ ही न्याय सहाय्यक वैज्ञानिक प्रयोगशाला, मुंबई के फायर ट्रेनिंग सेंटर में अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य संबंधित कार्य करना | रु. 7,20,191/- |
| 16 | मामूली मरम्मत अंतर्गत न्याय सहाय्यक वैज्ञानिक प्रयोगशाला, महाराष्ट्र शासकीय रासायनिक विश्लेषक, कोले कल्याण, सांताक्रूज परिसर में इमारत की अस्थायी जल रिसाव रोकथाम उपाय योजना और अन्य संबंधित कार्य करना | रु. 4,59,343/- |
| 17 | मूलगौण कार्यांतर्गत बांद्रा (पूर्व) स्थित अन्न और औषध प्रशासनिक इमारत (भूतल से चौथी मंजिल तक दीमक-रोधी उपचार प्रदान करना) | रु. 8,43,856/- |
| 18 | मामूली मरम्मत अंतर्गत सार्वजनिक निर्माण विभाग उपविभाग क्रमांक 2, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-51 के अंतर्गत इमारत का हाउसकीपिंग (कचरा एकत्र करना और गलियारा, सीढ़ियों तथा बाहरी परिसर की मैन्युअल सफाई करना) 6 महीनों के लिए | रु. 1,96,587/- |
| 19 | मूलगौण कार्यांतर्गत मुलुंड (पश्चिम), मुंबई ईएसआईएस अस्पताल के टाइप 4 इमारत क्रमांक 3 में ड्रेनेज लाइन की मरम्मत (प्लिंथ संरक्षण) | रु. 8,26,263/- |
| 20 | मूलगौण कार्यांतर्गत मुलुंड (पश्चिम), मुंबई ई.एस.आई.एस. अस्पताल के टाइप 2 इमारत क्रमांक 6 में प्लिंथ संरक्षण की मरम्मत करना | रु. 8,40,883/- |
| 21 | मूलगौण कार्यांतर्गत मुलुंड (पश्चिम), मुंबई ई.एस.आई.एस. अस्पताल के टाइप 4 इमारत क्रमांक 1 से 4 और 6 तथा टाइप 4 इमारत क्रमांक 3 में सैनेटरी पाइपलाइन की मरम्मत करना | रु. 8,37,704/- |
| 22 | मूलगौण कार्यांतर्गत मुलुंड (पश्चिम), मुंबई ई.एस.आई.एस. अस्पताल के टाइप 2 इमारत क्रमांक 1 से 4 और 6 में एल्युमिनियम जाली की मरम्मत करना | रु. 8,33,864/- |
| 23 | वार्षिक देखभाल एवं मरम्मत अंतर्गत टाइप - 2, 3 और 4 राज्य कामगार बीमा योजना अस्पताल परिसर, मुलुंड में वार्षिक दैनिक देखभाल और मरम्मत कार्य करना | रु. 8,22,439/- |

निविदा स्वीकारने या अस्वीकार करने का अधिकार कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सार्वजनिक निर्माण) विभाग, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - 58 के पास सुरक्षित है. कोई भी शर्तयुक्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी.

जा.क्र.: काअ/उमुंवि/निविदा/979

कार्यकारी अभियंता का कार्यालय, उत्तर मुंबई (सार्वजनिक निर्माण) विभाग,

प्रशासकीय इमारत, 1ली मंजिल, भवन्स कॉलेज के पास, दादाभाई मार्ग, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - 58

दिनांकः 05 फरवरी 2025

**डीजीआयपीआर/2024-2025/6287**

**हस्ता./-**
**कार्यकारी अभियंता,**
**उत्तर मुंबई (सार्वजनिक निर्माण) विभाग,**
**अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - 58**

## विभिन्न पर्व

पौष पूर्णिमा 13/01/2025 | मकर संक्रांत 14/01/2025 | मौनी आमावश्या 29/01/2025 | बसंत पंचमी 03/02/2025 | माघी पूर्णिमा 12/02/2025 | महा शिवरात्री 26/02/2025

# मुख्यमंत्री धामी ने परिवार के साथ किया संगम स्नान

## कहा- संत तय करते हैं समाज की दिशा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाकुंभ नगर। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को परिवार संग त्रिवेणी संगम में स्नान किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री धामी ने महाकुंभ को धार्मिक महापर्व बताया और कहा कि संगम में डुबकी लगाना पुण्य का काम है। संगम में स्नान के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, यह बड़े सौभाग्य की बात है कि मुझे भी यहां डुबकी लगाने का अवसर मिला। प्रयागराज देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां आकर मन को असीम शांति और ऊर्जा मिलती है। धामी ने हरिद्वार में 2027 में होने वाले कुंभ की तैयारियों का भी जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार अभी से इसकी तैयारी में जुट गई है ताकि वहां होने वाले कुंभ को भी प्रयागराज की तरह ऐतिहासिक और सुविधाजनक बनाया जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तराखंड सरकार महाआयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराएगी और साथ ही आयोजन को भव्य एवं दिव्य बनाया जाएगा। संगम स्नान के दौरान मुख्यमंत्री धामी बच्चे के साथ लहरों में हंसी-ठिठोली करते दिखाई दिए। संगम में स्नान के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि मुझे भी यहां आस्था की डुबकी लगाने का अवसर मिला। प्रयागराज देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां आकर मन को असीम शांति और ऊर्जा मिलती है। धामी ने महाकुम्भ में पूज्य संत-महात्माओं का आशीर्वाद लिया और कहा कि संत ही समाज की दिशा तय करते हैं।

# ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर पद छोड़ा

### कहा- मैं बचपन से साध्वी, आगे भी रहूंगी; महाकुंभ में किन्नर अखाड़े ने 17 दिन पहले उपाधि दी थी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, किन्नर अखाड़े में विवाद के बीच ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर पद छोड़ दिया है। इस बात की घोषणा उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करके की है। ममता ने कहा, आज किन्नर अखाड़े में मुझे लेकर विवाद है। उसके चलते इस्तीफा दे रही हूं। मैं 25 साल से साध्वी हूं और आगे भी साध्वी रहूंगी। ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर योग गुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने विरोध जताया था। ममता पर 10 करोड़ देकर पदवी लेने के आरोप लग रहे थे। हालांकि अब ममता ने दावा किया कि उनसे 2 लाख रुपए मांगे गए थे, जो महामंडलेश्वर जय अंबा गिरी ने अपने हाथों से अखाड़े की आचार्य पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को दिए थे। प्रयागराज महाकुंभ में 24 जनवरी को उन्हें महामंडलेश्वर बनाया गया था। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉक्टर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने उनका पिंडदान और पट्टाभिषेक कराया था। ममता को नया नाम श्रीयामाई ममता नंद गिरि मिला था। करीब 7 दिन तक वह महाकुंभ में ही रहीं। ममता बोलीं- मैं दो अखाड़ों के बीच फंस गई ममता कुलकर्णी ने वीडियो में कहा, मैं महामंडलेश्वर यामाई ममता नंद गिरि अपनी पोस्ट से इस्तीफा दे रही हूं। आज किन्नर अखाड़े में मुझे लेकर समस्याएं हो रही हैं। मैं 25 साल से एक साध्वी थी और हमेशा साध्वी रहूंगी। मुझे महामंडलेश्वर का सम्मान दिया गया था, लेकिन ये कुछ लोगों के लिए आपत्तिजनक हो गया था। चाहें वो शंकराचार्य हों या कोई और हों। मैंने तो बॉलीवुड को 25 साल पहले ही छोड़ दिया था। मेकअप और बॉलीवुड से इतना दूर कौन रहता है, लेकिन मैंने 25 साल तपस्या की। मैं खुद गायब रही। मुझे लेकर लोग प्रतिक्रिया देते हैं कि मैं ये क्यों करती हूं या वो क्यों करती हूं। नारायण तो सब सम्पन्न हैं। वो सब प्रकार के आभूषण पहनकर, धारण करके महायोगी हैं, भगवान हैं। कोई देवी देवता आप देखोगे किसी प्रकार के श्रृंगार से कम नहीं और मेरे सामने सब आए थे, सब इसी श्रृंगार में आ गए थे।

मेरे गुरु की बराबरी में कोई और नहीं ममता कहती हैं, एक शंकराचार्य ने कहा कि ममता कुलकर्णी दो अखाड़ों के बीच में फंस गई, लेकिन मेरे गुरु स्वामी चैतन्य गगन गिरी महाराज हैं।

# संक्षेप

## हजरत अब्बास के जन्मदिन पर महफिल

### शायरों ने पढ़े कसीदे, मौलाना ने मस्जिद में कराया आयोजन

सुलतानपुर, अमहट में हजरत इमाम हुसैन के भाई हजरत अब्बास अलैहिस्सलाम के जन्म दिवस पर भव्य महफिल का आयोजन किया गया। सुलतान हैदर खान के आवास और जामा मस्जिद अमहट में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना आसिफ नकवी ने की, जबकि मौलाना जीशान हैदर खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुलतान हैदर ने किया। महफिल में कई प्रतिष्ठित शायरों ने अपनी शायरी से समां बांधा। मौलाना आसिफ नकवी ने हजरत अब्बास की शान में लोरी के अंदाज में शेर पेश किए। जीशान सुलतानपुरी, आलम सुलतानपुरी, हैदर सुलतानपुरी, मजाहिर सुलतानपुरी, अली हैदर सुलतानपुरी और इरफान सुलतानपुरी सहित अनेक शायरों ने अपने कसीदे पेश किए। अतिथियों का जताया आभार विशेष रूप से डॉक्टर इमरान और सुलतान सुलतानपुरी की शायरी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मौलाना मोहम्मद जाफर खान, जोहद अब्बास, कौसर सुलतानपुरी, कौसैन सुलतानपुरी और फखरे आलम सुलतानपुरी ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुल्तानपुर के अध्यक्ष हैदर अब्बास खान ने कार्यक्रम की सफलता की जानकारी साझा की।

## रेलवे कर्मचारियों का भत्ते को लेकर प्रदर्शन

### सुल्तानपुर स्टेशन पर विरोध जताया, एनपीएस और यात्रा भत्ते में 25% बढ़ोतरी की मांग की

सुलतानपुर, उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन के कर्मचारियों ने सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेंस के आह्वान पर समूचे उत्तर रेलवे में यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। सुल्तानपुर में शाखा मंत्री पंकज दुबे और यूथ विंग के सहायक मंडल मंत्री मुकेश कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने लंच ब्रेक के दौरान स्टेशन प्लेटफॉर्म पर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नई पेंशन योजना (एनपीएस) में संशोधन, फ्रोजन महंगाई भत्ते को बहाल करने और रनिंग एलाउंस में यात्रा भत्ते के हिसाब से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी इन न्याय संगत मांगों पर लंबे समय से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। रेल प्रशासन द्वारा मांगों की लगातार अनदेखी से कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। यह विरोध प्रदर्शन रेलवे कर्मचारियों की बढ़ती नाराजगी का स्पष्ट संकेत है। प्रदर्शन करने वालों में इंद्रजीत कुमार संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष एसपी यादव, रमेश कुमार, रामविलास, सियाराम चौरसिया, मुराद अहमद, विकास कुमार, मंजीत यादव, अभिषेक मौर्य, अशोक आर्य, धर्मेंद्र कुमार, अर्पित त्रिपाठी, शिवम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री का औचक निरीक्षण

- सीएचसी से लेकर कस्तूरबा विद्यालय तक व्यवस्थाएं देखीं, खामियों पर दिखे सख्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री तथा अमेठी के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने आज एक दिवसीय दौरे पर जिले का दौरा किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, गौशाला और अमृत सरोवर का गहन निरीक्षण किया। मंत्री ने सबसे पहले बाजार शुकुल स्थित सीएचसी का निरीक्षण किया, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशाला और अमृत सरोवर की स्थिति का भी बारीकी से अवलोकन किया। तत्काल सुधार के निर्देश निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को लेकर मंत्री ने कड़ा रुख अपनाया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर जरूरतमंद तक पहुंचे।



इन लोगों की रही मौजूदगी इस दौरान स्थानीय विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सहित अन्य भाजपा नेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने आश्वासन दिया कि चिह्नित की गई सभी कमियों को शीघ्र दूर किया जाएगा।

# राजन यादव ने 3 खिताब जीते

### राष्ट्रीय स्तर का बैडमिंटन टूनार्मेंट में 250 खिलाड़ियों ने दिखाया दम; 1.21 लाख का इनाम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, बैडमिंटन एसोसिएशन ने पंत स्टेडियम में एक शानदार राष्ट्रीय स्तर का बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन किया। यह टूनार्मेंट साई अकादमी के पूर्व बैडमिंटन कोच स्वर्गीय शमीम सुल्तान और वॉलीबॉल अकादमी के पूर्व सचिव स्वर्गीय वेद प्रकाश उपाध्याय की स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टूनार्मेंट में कुल नौ श्रेणियों में मुकाबले हुए। राजन यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन खिताब अपने नाम किए। उन्होंने ओपन सिंगल्स में अयान खान को, ओपन डबल्स में धर्मवीर के साथ मिलकर उदय-प्रशांत की जोड़ी को, और मिक्स डबल्स में नंदनी के साथ मिलकर आकाश-निधि की जोड़ी को पराजित किया। महिला वर्ग में सिमरन का जलवा रहा। उन्होंने गर्ल्स ओपन सिंगल्स में श्रेया को हराया और नंदनी के साथ मिलकर गर्ल्स ओपन डबल्स का खिताब भी जीता। 35+ आयु वर्ग में गुफरान सैफी और खुर्शीद की जोड़ी विजयी रही, जबकि 45+ में अमित उपाध्याय और अनुतोष ने बाजी मारी। युवा वर्ग में अंडर-15 बॉयज का खिताब आदित्य प्रताप ने और गर्ल्स का खिताब श्रेया ने जीता। हर साल किया जाएगा आयोजन बैडमिंटन एसोसिएशन के संयुक्त सचिव गुफरान अहमद ने बताया कि यह टूनार्मेंट अब प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा। विजेताओं को कुल 1 लाख 21 हजार रुपये का नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए। हालांकि, क्लब के अध्यक्ष पंकज सेठ और अन्य पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से प्रशिक्षक की नियुक्ति की मांग की है, क्योंकि प्रशिक्षक की कमी से खिलाड़ियों के विकास में बाधा आ रही है।

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

- पूर्व प्रधान समेत 12 लोग घायल, सभी के मेडिकल के बाद दोनों पर केस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सामान्य रास्ते का विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। डींगुरपुर बनकेगांव में कमलेश और छोटेलाल के बीच रास्ते को लेकर हुई मामूली कहासुनी ने विकराल रूप ले लिया, जिसमें दोनों पक्षों से कुल 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस विवाद में दोनों पक्षों के लोगों ने लाठी-डंडे और ईंट-पत्थरों से एक-दूसरे पर हमला किया। एक पक्ष से छोटेलाल (56), मोतीलाल (60), राजेश कुमार (25), सूर्यमणि (21), बबीता (18) और 15 वर्षीय डाली घायल हुईं। दूसरे पक्ष से पूर्व प्रधान राम लौट (38), कमलेश कुमार (43), उनके 11 वर्षीय बेटे अंश के साथ बुजुर्ग महिलाएं सुशीला (55), लखपती देवी (70) और लखपति को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने शुरू की जांच थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव के अनुसार, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस से मोतिगरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया और मेडिकल परीक्षण के बाद दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस

# अमेठी में बड़ी पुलिस कार्रवाई

### 24 घंटे में 43 अपराधी गिरफ्तार, 401 ग्राम स्मैक और 203 लीटर अवैध शराब जब्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पुलिस ने एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पिछले 24 घंटों में चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने 43 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान भारी मात्रा में नशीले पदार्थ और अवैध हथियार भी बरामद किए गए हैं। आबकारी अधिनियम के तहत 18 अपराधियों को गिरफ्तार कर 203 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन अपराधियों से 401 ग्राम स्मैक बरामद की गई और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा, शस्त्र अधिनियम के तहत एक अपराधी को गिरफ्तार कर एक अवैध हथियार जब्त किया गया। पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। साथ ही, अलग-अलग प्रकरणों में 16 वारंटी और तीन वसूली वारंटी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई जिले में अपराध और नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थानों में यह अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

# गैस्ट्रो बीमारियों पर विशेष चर्चा

## विशेषज्ञ डॉ. अभिनव ने कादीपुर के डॉक्टरों को दी जानकारी, खराब खानपान से बढ़ रहे मामले

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, कादीपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। एक निजी रेस्टोरेंट के मीटिंग हॉल में आयोजित इस बैठक में लखनऊ हेल्थ सिटी के गैस्ट्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. अभिनव श्रीवास्तव ने क्षेत्र के चिकित्सकों को गैस्ट्रो संबंधी बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान समय में बदलते खान-पान और जीवनशैली के कारण पेट से संबंधित बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने इन बीमारियों के कारणों और उनके निवारण पर विशेष जोर दिया। उनका कहना था कि समाज को स्वस्थ रखने के लिए चिकित्सकों को नियमित रूप से एक-दूसरे से विचार-विमर्श करते रहना चाहिए। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जेबी सिंह के संयोजन में आयोजित इस सेमिनार में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि जब बीमारियों का वर्गीकरण किया गया है, तो चिकित्सकों को भी उसी के अनुरूप विशेषज्ञता विकसित करनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य से जुड़ी ऐसी चचाएं न केवल चिकित्सकों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए लाभदायक होती हैं। सेमिनार में सुल्तानपुर के वरिष्ठ चिकित्सक हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ राजीव श्रीवास्तव, सिद्धार्थ हास्पिटल कादीपुर के डॉ मंगला प्रसाद श्रीवास्तव, सीएचसी कादीपुर अधीक्षक डॉ एस आर यादव, डॉ सुभाष मौर्य, मोतिगरपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ अवनीश मिश्रा, डॉ संजीव कुमार पाण्डेय, डॉ एस एन सिंह, डॉ शिखा सिंह, डॉ शशांक शुक्ला, डॉ डीके विश्वास, डॉ शैलेन्द्र मिश्र, डॉ शाहिद, डॉ डीपी शर्मा, डॉ दयाराम मिश्र, डॉ अम्बरीष तिवारी सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे।

# मां ने 2 बेटियों को मारकर खुद का गला रेता

## पति से झगड़ा हुआ, दोपहर में मासूमों का गला घोंटा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, मां ने 2 बेटियों की गला घोंटकर हत्या कर दी। फिर धारदार हथियार से खुद का गला रेतकर सुसाइड की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी स्थिति गंभीर है। घटना नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर की है। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दोनों बच्चियों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। सुबह पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। कुछ घंटे बाद पति ऑफिस के लिए निकल गया। इसके बाद मां ने वारदात को अंजाम दिया। बहादुरपुर गांव में कोपिन पत्नी सोनिया और 2 बेटियों अनुष्का (8), किट्टू (5) के साथ रहते थे। छोटा भाई राम भूल सिंह और उसकी पत्नी भी यहीं रहते हैं।

# नेपाल से महाकुंभ की अनोखी यात्रा पर निकला दंपती

### उल्टे मुंह चलकर कर रहे 500 किमी की यात्रा, पहले अयोध्या दर्शन किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, नेपाल के बांके जिले से एक अनोखी श्रद्धा यात्रा शुरू हुई है। कोहलपुर नगर पालिका वार्ड नंबर 7, लखनपुर के निवासी रूपन दास (54) और उनकी पत्नी पतिरानी (58) महाकुंभ में स्नान के लिए एक विशेष तरीके से यात्रा कर रहे हैं। वे अपने गांव के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पैदल और उल्टे मुंह चलकर प्रयागराज की यात्रा पर निकले हैं। दंपति ने गोरखपुर होते हुए अयोध्या का दर्शन किया और 13वें दिन पयागीपुर पहुंचे। जब डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह को इनकी यात्रा की जानकारी मिली, तब वे अपने साथी अंशू श्रीवास्तव और अरुण कुमार मिश्रा के साथ इन श्रद्धालुओं की मदद के लिए निकले।

# बिजली संकट और आवारा पशुओं से किसान परेशान

### कलेक्ट्रेट पर दिया धरना, डीएम को सौंपा ज्ञापन, फसलों की सुरक्षा की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, थाना बिसंडा क्षेत्र के ग्राम पल्हरी के किसानों ने कलेक्ट्रेट पर धरना देकर अपनी समस्याएं जिलाधिकारी तक पहुंचाई हैं। किसानों की दो प्रमुख मांगें हैं, जिनमें बिजली आपूर्ति में सुधार और आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा है। बबेरू तहसील के मुरवल बिजली घर से जुड़े ग्राम पल्हरी में पिछले तीन महीने से गंभीर बिजली संकट है। यहां पेयजल और घरेलू बिजली की लाइनें एक ही फीडर से जुड़ी हैं। पेयजल लाइन को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक ही बिजली मिलती है, जिससे आधे गांव में रात भर अंधेरा छाया रहता है। अंधेरे के कारण ग्रामीण कीड़े-मकोड़ों की चपेट में आ रहे हैं। दूसरी बड़ी समस्या आवारा पशुओं की है। बबेरू ब्लॉक के आहार, मिलाथू, शिवपलहरी, गृहली, हरदौली, आलमपुर, बागरेहटा, देवरा और रगोली सहित दर्जनों गांवों में आवारा पशुओं का आतंक है। किसान अपनी फसलों की रक्षा के लिए कड़ाके की ठंड और बारिश में भी रात-रात भर खेतों में जागते हैं।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजूकोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।